प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी



बिहार में नीतीश युग का अंत, उनके अधूरे काम क्या होंगे पूरे? पेज- 2

www.newswani.in

पिकअप की टक्कर से छात्र घायल पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 115 | गुरुवार 16 अप्रैल 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

## मरीजों के हितों को सर्वोपरि रखना डॉक्टरों का यह सामाजिक और नैतिक कर्तव्य : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

(एजेंसी) नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि डॉक्टरों का यह सामाजिक और नैतिक कर्तव्य है कि वे अपने मरीजों के हितों को सर्वोपरि रखें। श्रीमती मुर्मु ने बुधवार को महाराष्ट्र के नागपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के दीक्षांत समारोह में कहा कि चिकित्सा क्षेत्र केवल एक पेशा नहीं है, यह संवेदनशीलता के साथ मानवता की सेवा करने का मार्ग है। एक डॉक्टर न केवल बीमारियों का इलाज करता है, बल्कि बीमार लोगों के मन में उम्मीद भी जगाता है। डॉक्टरों द्वारा दी जाने वाली सहानुभूतिपूर्ण सलाह न केवल रोगी को, बल्कि उनके परिवार को भी शक्ति प्रदान करती है। राष्ट्रपति ने कहा कि अक्सर, डॉक्टरों को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। फिर भी, ऐसी परिस्थितियों में भी, उन्हें रोगी और उनके परिवार के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखनी चाहिए। रोगियों और उनके परिवारों को भी हमेशा चिकित्सा पेशेवरों के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए। यह डॉक्टर और रोगी के बीच विश्वास के बंधन को बनाये रखने के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि नागरिकों का अच्छा स्वास्थ्य राष्ट्र की प्रगति



के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि उनका व्यक्तिगत कल्याण। नागरिकों के स्वस्थ रहने और राष्ट्र निर्माण में अपनी पूरी क्षमता से योगदान देने में सक्षम होने के लिए, केन्द्र सरकार ने पिछले एक दशक में कई महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि देशभर में नये एम्स की स्थापना से न केवल बेहतर चिकित्सा उपचार तक पहुंच बढ़ी है, बल्कि चिकित्सा शिक्षा के अवसर भी व्यापक हुए हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि स्थापना के कुछ ही वर्षों के भीतर, एम्स नागपुर ने चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के अग्रणी केंद्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर ली है। वर्तमान युग स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में तीव्र परिवर्तन का समय है। विश्व भर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और उन्नत अनुसंधान जैसी नई तकनीकों के माध्यम से चिकित्सा क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है। हमें इन परिवर्तनों को स्वीकार करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच स्वास्थ्य सुविधाओं में मौजूद असमानता को दूर करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सभी तक पहुंचे, तकनीकी विकास का लाभ उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में डॉक्टरों का उच्च स्थान है। लोग उनका सम्मान करते हैं और उन पर भरोसा करते हैं। वे डॉक्टरों को अपने और अपने प्रियजनों के स्वास्थ्य और जीवन की रक्षा का दायित्व सौंपते हैं। इसलिए, डॉक्टरों का यह सामाजिक और नैतिक कर्तव्य है कि वे अपने मरीजों के हितों को सर्वोपरि रखें। इस कर्तव्य का निष्ठापूर्वक निर्वाह करके वे अपनी और चिकित्सा के पेशे की प्रतिष्ठा को और बढ़ा सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि सेवा भाव के साथ–साथ डॉक्टरों में आजीवन सीखने की प्रतिबद्धता भी होनी चाहिए। जिज्ञासा ही प्रगति की नींव है। चिकित्सा विज्ञान में नये समाधान खोजने की ललक न केवल उन्हें असाधारण डॉक्टर बनने में मदद करेगी, बल्कि उन्हें सेवा के अधिक अवसर भी प्रदान करेगी। उन्होंने युवा डॉक्टरों को नवाचार, अनुसंधान और निरंतर सीखने के उत्साह को आत्मसात करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि वे हमेशा इस बात को ध्यान में रखें कि चिकित्सा के क्षेत्र में नैतिक मूल्यों का सर्वोच्च स्थान है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी कितनी भी उन्नत क्यों न हो जाये, वह करुणा, ईमानदारी और रोगी–केंद्रित दृष्टिकोण का स्थान कभी नहीं ले सकती। उन्होंने उनसे करुणा की भावना को हमेशा पोषित करने का आग्रह किया। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि चिकित्सा जगत से जुड़े लोग मानवता की सेवा करने का अनूठा अवसर पाकर सौभाग्यशाली हैं। उन्हें इस जिम्मेदारी पर गर्व करना चाहिए और इस दायित्व को संवेदनशीलता से निभाना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्नातक छात्र न केवल अपने व्यक्तिगत जीवन में सफल होंगे, बल्कि साथी नागरिकों को स्वस्थ रखने में भी योगदान देंगे। ऐसे प्रयासों के बल पर हम स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक एक विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने में सफल होंगे।

## आदतन झूठे और गुमराह करने में बेजोड़, कांग्रेस ने परिसीमन पर पीएम मोदी पर लगाया धोखा देने का आरोप

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने संसद में महिला आरक्षण से संबंधित विधेयकों को पेश किए



जाने से एक दिन पहले बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परिसीमन के मुद्दे पर जानबूझकर देश को धोखा दे रहे हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि जिन विधेयकों की प्रतियां सांसदों को दी गई हैं वो प्रधानमंत्री के पहले के आश्वासनों के विपरीत हैं। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री एक ऐसे तथाकथित नेता हैं जिनकी एकमात्र विशेषता गुमराह करने की उनकी बेजोड़ क्षमता है। वह आदतन झूठे हैं जो गलती से भी सच नहीं बोल सकते। उन्होंने आरोप लगाया कि वह परिसीमन के सवाल पर देश के साथ जानबूझकर धोखा करने में लगे हैं। रमेश ने कहा, उनकी सरकार ने संसद के विशेष सत्र के लिए जो विधेयक सांसदों के बीच वितरित किए हैं, वे उनके द्वारा दिए जा रहे सभी तथाकथित आश्वासनों के विपरीत हैं। दक्षिणी राज्य लोकसभा में अपनी राजनीतिक ताकत खो देंगे और इसी तरह उत्तर पश्चिम भारत के छोटे राज्य और पूर्व के राज्य भी राजनीतिक ताकत खो देंगे। उन्होंने सवाल किया कि सभी राज्यों के लिए लोकसभा में समानुपातिक संख्या में बढ़ोतरी का क्या हुआ, जिसका वादा प्रधानमंत्री और उनके कुछ सहयोगियों ने किया था? कांग्रेस नेता ने दावा किया, प्रधानमंत्री के आश्वासन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। वह अपने सत्ता–लोलुप प्रयासों से ऊपर उठकर एक राजनेता बनने में असमर्थ हैं, यहां तक कि परिसीमन जैसे संवेदनशील मुद्दे पर भी। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को मूर्त रूप देने के लिए बृहस्पतिवार को एक विधेयक संसद में पेश किया जाएगा, जिसमें संसद के निचले सदन में सदस्यों की मौजूदा संख्या 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रावधान है। इसके साथ ही, सरकार परिसीमन आयोग के गठन के लिए भी एक विधेयक तथा इन्हीं से संबंधित केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन विधेयक), 2026 लाने की तैयारी में है।

## पीएम मोदी के साथ हम तमिलनाडु में भी अपनी गठबंधन की सरकार बनाएगे, सीएम रेखा गुप्ता का बड़ा दावा

(एजेंसी) कोयंबटूर। तमिलनाडु में एक ही चरण में विधानसभा की सभी सीटों पर



23 अप्रैल को चुनाव होंगे। ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियां प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में भाततीय जानता पार्टी ने अपने सभी स्टार प्रचारकों को बंगाला और तमिलनाडू में प्रचार के लिए जमीन पर उतारें हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कोयंबटूर ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि जैसे पूरा देश तरक्की की ओर आगे बढ़ रहा है, हम चाहते हैं कि तमिलनाडु भी वैसे ही आगे बढ़े। यहां की भ्रष्टाचारी सरकार को हटाना बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम तमिलनाडु में भी अपनी गठबंधन की सरकार बनाएंगे और इसे आगे लेकर जाएंगे। परिसीमन पर मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के बयान पर उन्होंने कहा, ये वह लोग हैं जिन्हें लोकतंत्र के साथ चलने में तकलीफ होती है और नारी शक्ति वंदन अधिनियम, यह देश की आधी आबादी के हित के लिए है, देश हित के लिए है। यदि निर्णयों में महिलाओं की सहभागिता बढ़ती है तो उन्हें क्या तकलीफ है? आपको बता दें विशेष सत्र में प्रस्तावित बिल लोकसभा सीटों को बढ़ाने का प्रस्ताव है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023, लोकसभा में परिसीमन प्रक्रिया से जुड़ा है, केंद्र सरकार ने सदन में सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करने का प्रपोजल है, जिसमें से 815 सीटें स्टेट और शेष 35 केंद्र शासित प्रदेशों के लिए आरक्षित हैं। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं। फिलहाल इस विल को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावार है।

# मोदी-नीतीश मॉडल पर ही चलेगा बिहार

## -शपथ ग्रहण के बाद बोले मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

(एजेंसी) पटना। बिहार के नवनियुक्त मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को कहा कि राज्य का शासन श्मोदी–नीतीश मॉडलश पर ही आगे भी चलता रहेगा। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने चौधरी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। इससे एक दिन पहले लंबे समय तक इस पद पर रहे नीतीश कुमार ने इस्तीफा दे दिया था। चौधरी ने कहा, मैं तुरंत राज्य की समृद्धि के लिए काम शुरू करूंगा। यह स्पष्ट रहना चाहिए कि बिहार श्मोदी–नीतीश मॉडलश पर ही शासित होता रहेगा। बुधवार को बिहार के पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद सम्राट चौधरी को बधाइयों का तांता लग गया। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं ने विश्वास जताया कि राज्य तेजी से प्रगति करेगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में योगदान देगा। राज्यसभा सांसद बन चुके नीतीश कुमार ने एक्स पर चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार तेजी से विकास करेगा और देश



के सबसे विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने भी चौधरी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, सम्राट चौधरी बिहार के विकास के लिए कार्य करेंगे, जिससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शविकसित भारत 2047श के संकल्प को साकार करने में मदद मिलेगी। नीतीश कुमार ने बिहार में कानून का राज स्थापित किया और विकास किया, जिसे नए मुख्यमंत्री आगे बढ़ाएंगे। सम्राट चौधरी के पिता और सात बार विधायक रहे शकुनी चौधरी ने अपने पुत्र के मुख्यमंत्री बनने को ईश्वर की कृपा बताया। उन्होंने कहा, यह सब भगवान की कृपा है। मैंने लंबा संघर्ष किया और कई राजनीतिक दल बनाए, लेकिन सफल नहीं हो सका। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और नीतीश कुमार के आशीर्वाद से सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री बने हैं। मेहनत रंग लाती है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने उम्मीद जताई कि चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास के नए चरण में प्रवेश करेगा और विकास की गति तेज होगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को नए अवसर मिलेंगे, किसानों को सशक्त किया जाएगा और समाज के हर वर्ग का समान विकास होगा। केंद्रीय मंत्री एवं लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने भी चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि सभी सहयोगी दल मिलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करेंगे। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार ने जंगल राज के बाद बिहार को संवारने का काम किया और अब हम उस आधार पर विकास की इमारत खड़ी करेंगे। हम (हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि बिहार की राजनीति में नए युग की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार ने पिछले दो दशकों में बिहार का बेहतर संचालन किया। यदि कोई कार्य अधूरा रह गया है तो सम्राट चौधरी उसे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी एक आंख में खुशी के आंसू हैं तो दूसरी में दुख के। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार अब भी ड्राइविंग सीट पर हैं और सम्राट चौधरी की जिम्मेदारी है कि वह उनके विकास के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा, यह न जदयू की सरकार थी और न भाजपा की, बल्कि यह राजग की सरकार थी और रहेगी। सम्राट चौधरी सामाजिक समरसता को बनाए रखेंगे। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद के शासन को इतिहास में जंगल राज के रूप में और नीतीश कुमार के शासन को स्वर्णिम युग के रूप में याद किया जाएगा। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से बिहार नीतीश कुमार द्वारा स्थापित विकास पथ पर आगे।

## पीएम मोदी ने सीएम बनने पर सम्राट चौधरी को दी बधाई, कहा- बिहार के विकास को नयी दिशा और गति देगा चौधरी का जमीनी अनुभव

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर भाजपा नेता सम्राट चौधरी को बधाई दी और कहा कि उनकी ऊर्जा, जनसेवा के प्रति समर्पण और जमीनी स्तर का अनुभव राज्य के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। प्रधानमंत्री ने राज्य के उपमुख्यमंत्री के तौर पर विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव के शपथ लेने पर उन्हें भी बधाई दी। बिहार के मुख्यमंत्री पद पर सबसे लंबे समय तक रहे नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद, सम्राट चौधरी इस पद पर आसीन होने वाले भाजपा से पहले मुख्यमंत्री हैं। राज्य के इतिहास में यह पहली बार है जब भाजपा के किसी नेता ने मुख्यमंत्री पद संभाला है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर सम्राट चौधरी जी को बहुत–बहुत बधाई और ढेरों शुभकामनाएं! उनकी ऊर्जा, जनसेवा के प्रति समर्पण और जमीनी अनुभव राज्य के लिए बेहद उपयोगी साबित होने वाला है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि उनके कुशल नेतृत्व में जनता–जनार्दन की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए बिहार चौतरफा विकास की नयी ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने एक्स पर



एक अन्य पोस्ट में विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव को भी बधाई देते हुए लिखा, बिहार के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले विजय कुमार चौधरी जी और बिजेंद्र प्रसाद यादव जी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं! मुझे पूरा भरोसा है कि इनका जमीनी अनुभव और जनहित को लेकर प्रतिबद्धता बिहार के विकास को नयी दिशा और गति देगी। इसके साथ ही राज्य सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण के नित–नये मानक स्थापित करेगा।

## बंगाल में जीत हासिल करने पर गोरखा मुद्दे के समाधान को प्राथमिकता देगी भाजपा : अमित शाह

(एजेंसी) दार्जिलिंग। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आने के बाद, दार्जिलिंग में गोरखा मुद्दे को हल करने को प्राथमिकता देगी और पूर्व के हिंसक आंदोलनों के लिए समुदाय के नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज सभी मामलों को वापस लेगी। शाह खराब मौसम की वजह से दार्जिलिंग की पहाड़ियों में स्थित लेबोंग के ऊपरी इलाकों तक नहीं पहुंच पाए और उन्होंने सभा को एक वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा, आज आपसे नहीं मिल पाने का मुझे गहरा खेद है। लेकिन मैं आपसे वादा करता हूं कि 21 अप्रैल को कुर्सियोंग के सुकना में होने वाली निर्धारित जनसभा में मैं आपसे प्रत्यक्ष तौरपर मिलूंगा, जहां मैं दार्जिलिंग के लोगों के लिए हमारी विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करूंगा। उन्होंने कहा, फिलहाल मैं इतना ही कहूंगा कि बंगाल में सरकार बनने के बाद हमारी प्राथमिकता गोरखा मुद्दे का जल्द से जल्द समाधान करना होगी। सत्ता में आने के बाद हम गोरखा नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ लंबित सभी पुलिस मामलों को वापस ले लेंगे। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष शाह ने कहा कि चुनाव से पहले राज्य भर में हुई सभाओं के बाद उन्हें पूरा विश्वास है कि भाजपा पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को हरा देगी। दार्जिलिंग पहाड़ियों में रहने वाले नेपाली भाषी भारतीयों की दशकों पुरानी गोरखालैंड राज्य की मांग को लेकर अतीत में कई हिंसक घटनाएं हो चुकी हैं। वर्ष 2011 में दार्जिलिंग के ऊपरी इलाकों और तलहटी के कुछ हिस्सों के प्रशासन के लिए अर्ध–स्वायत्त गोरखालैंड प्रादेशिक प्रशासन (जीटीए) के गठन के बावजूद, 2017 तक हिंसक आंदोलन होते रहे। इस क्षेत्र में गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (जीजेएम) और गोरखा नेशनल लिबरेशन फ्रंट (जीएनएलएफ) जैसी स्थानीय गोरखा पार्टियों तथा भाजपा और तृणमूल कांग्रेस जैसे बड़े राजनीतिक दलों के बीच राजनीतिक गठबंधन में कई उतार–चढ़ाव आए हैं, जहां अलग गोरखालैंड की मांग हमेशा से राजनीतिक केंद्र में रही है। आगामी चुनाव में, तृणमूल कांग्रेस ने बिमल गुरुंग की जीजेएम से अलग हुए गुट, अनित थापा के नेतृत्व वाली भारतीय गोरखा प्रजातांत्रिक मोर्चा (बीजेपीएम) के साथ रणनीतिक सीट–साझाकरण गठबंधन किया है। तृणमूल कांग्रेस ने दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और कुर्सियोंग की सीट अपने सहयोगी दल के लिए छोड़ दी हैं। दूसरी ओर, भाजपा ने एक बार फिर गुरुंग का समर्थन हासिल



किया है, हालांकि इस बार भाजपा इस क्षेत्र से सीधे चुनाव लड़ रही है। दार्जिलिंग में मतदान 23 अप्रैल को विधानसभा चुनाव के पहले चरण में होगा। दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा, जिसके बाद 4 मई को मतगणना होगी।

# सम्पादकीय

## ट्रंप का पोप से उलझना एक और बड़ी गलती

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों सोशल मीडिया से वह एआई तस्वीर हटा दी, जिसमें वह खुद को यीशु के रूप में दिखाते नजर आ रहे थे। धार्मिक नेताओं ने इस पर नाराजगी जताई और कहा कि यह ईशनिंदा (भगवान का अपमान) है। यह तस्वीर ट्रंप के ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर डाली गई थी। इसमें वह लाल और सफेद कपड़ों में दिख रहे थे, जैसे यीशु को दिखाया जाता है। वह एक बीमार व्यक्ति के माथे को छू रहे थे और उनके हाथ और सिर से रोशनी निकलती दिख रही थी। तस्वीर के पीछे अमेरिका का झंडा लहरा रहा था और कुछ लोग राष्ट्रपति की तरफ सम्मान से देख रहे थे। इस पोस्ट पर कई बड़े कंजरवेटिव (रूढ़िवादी) ईसाई नेताओं ने नाराजगी जताई, जो ट्रंप के बड़े समर्थक माने जाते हैं। कंजरवेटिव पत्रकार और टिप्पणीकार मेगन बाशम ने एक्स पर लिखा, "मुझे नहीं पता कि राष्ट्रपति मजाक कर रहे थे या किसी चीज के असर में थे, या इसके पीछे क्या कारण हो सकता है। यह बहुत ही गलत और अपमानजनक (ईशनिंदा) है।" उन्होंने कहा, "उन्हें तुरंत यह पोस्ट हटानी चाहिए और पहले अमेरिकी लोगों से और फिर भगवान से माफी मांगनी चाहिए।" यहां यह बताते चलें कि डोनाल्ड ट्रंप पहले भी अपनी पोस्ट में धार्मिक तस्वीरों का इस्तेमाल कर चुके हैं। साल 2023 में बैंक धोखाधड़ी के केस के दौरान, उन्होंने एक समर्थक की बनाई तस्वीर शेयर की थी, जिसमें वह कोर्ट में यीशु के साथ बैठे दिख रहे थे। उनके सलाहकार भी कई बार उन्हें यीशु जैसा बताते रहे हैं। वहीं दूसरी ओर यह कहा जाए तो गलत नहीं होगा कि ईरान के साथ जंग लड़ते–लड़ते अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईसाइयों के सबसे बड़े धर्मगुरु पोप लियो चौदहवें से भिड़ गए हैं। कभी ट्रंप खुले आम पोप की आलोचना कर रहे हैं तो कभी एआई फोटो डालकर खुद को ईसा मसीह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में एक्सपर्ट्स मान रहे हैं कि ट्रंप अपने पैरों पर ही कुल्हाड़ी मार रहे हैं, अपने कट्टर वोट बैंक से दुश्मनी मोल ले रहे हैं। चलिए इस पूरे विवाद को इस संपादकीय के माध्यम से समझते हैं और यह भी जानते हैं कि यह ट्रंप के लिए कैसे बैकफायर कर सकता है। यहां यह बताते चलें कि पोप लियो ने ट्रंप सरकार की कई नीतियों की आलोचना की है। शुरुआत प्रवासियों पर सख्ती, वेनेजुएला में दखल से की और अब ईरान जंग के खिलाफ खुलकर आवाज उठाई है। ट्रंप ने खुलकर उनकी आलोचना की। फिर ट्रंप ने कहा कि पोप क्राइम के मोर्चे पर कमजोर रुख रखते हैं और वे विदेश नीति में खराब कहा। उन्होंने यह भी कहा कि पोप लियो को मई 2025 में मेरी वजह से ही पोप के पद पर चुना गया। वहीं दूसरी ओर दुनिया की सबसे ताकतवर सेना के नेता (ट्रंप) और 1.4 अरब कैथोलिक लोगों के प्रमुख (पोप लियो) के बीच यह बड़ा टकराव हाल–फिलहाल अभी रुकता हुआ नहीं दिख रहा है। पोप लियो ने अफ्रीका जाते समय पत्रकारों से कहा कि उन्हें ट्रंप सरकार से कोई डर नहीं है और वह खुलकर अपने धर्म का संदेश बोलेंगे। वहीं ट्रंप भी अड़े रहे और उन्होंने माफी मांगने से इनकार कर दिया। 79 साल के ट्रंप ने सोमवार को व्हाइट हाउस में कहा, "मुझे माफी मांगने की जरूरत नहीं है। वो गलत हैं।" यहां यह बताते चले कि तीन बार शादी कर चुके अरबपति ट्रंप लंबे समय से चुनावों में अमेरिका के ईसाई लोगों का समर्थन लेते रहे हैं। उन्होंने अपने विचारों से उन्हें अपनी तरफ किया है। इन लोगों ने 2016 और 2024 के चुनाव में ट्रंप का समर्थन किया। लेकिन अब इन्हीं लोगों के नाराज होने का डर है। अमेरिका के कैथोलिक बिशप्स के प्रमुख आर्चबिशप पॉल कोकले ने कहा, "मुझे दुख है कि राष्ट्रपति ने पोप के बारे में ऐसे बुरे शब्द लिखे। व्हाइट हाउस के लिए ज्यादा चिंता की बात यह है कि धार्मिक समर्थक भी नाराज हो रहे हैं, खासकर जो पहले ट्रंप के साथ थे। अगर ट्रंप का समर्थन कम हुआ, तो रिपब्लिकन पार्टी को डर है कि वे नवंबर के चुनाव में संसद (कांग्रेस) का नियंत्रण खो सकते हैं। ईरान युद्ध की वजह से तेल के दाम बढ़ रहे हैं, जिससे अर्थव्यवस्था भी चिंता का कारण है। एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी इतिहास में, कई अमेरिकी राष्ट्रपतियों के विभिन्न पोपों के साथ नीतिगत मतभेद रहे हैं। लेकिन वेटिकन और धार्मिक इतिहास के एक्सपर्ट मानते हैं कि जिस तरह ईरान युद्ध में अमेरिका की भूमिका की पोप की निंदा पर ट्रंप और लियो के बीच वार–पलटवार हुआ है, वैसा कभी नहीं दिखा है। नोट्रे डेम यूनिवर्सिटी में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर डेविड कैंपबेल ने कहा है, यह एक अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा पोप की अभूतपूर्व आलोचना है। ट्रंप की पूर्व सहयोगी और पूर्व सांसद मार्जोरी टेलर ग्रीन ने कहा, "ईस्टर के दिन ट्रम्प ने पोप पर हमला किया क्योंकि पोप ईरान युद्ध के खिलाफ हैं, और फिर उन्होंने खुद को यीशु जैसा दिखाया।" उन्होंने कहा, "पिछले हते भी ट्रंप ने ईस्टर पर बुरा पोस्ट किया और पूरी सभ्यता खत्म करने की धमकी दी। मैं इसका विरोध करती हूं और इसके खिलाफ प्रार्थना कर रही हूं।" कंजरवेटिव टिप्पणीकार राइली गेंस ने भी एआई तस्वीर की आलोचना की है। उन्होंने कहा, "मुझे समझ नहीं आता कि उन्होंने यह क्यों पोस्ट किया।" उन्होंने ट्रंप से विनम्र रहने को कहा। साथ ही कहा कि भगवान का मजाक नहीं उड़ाया जा सकता। एपी की रिपोर्ट के अनुसार 2024 चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को जीत दिलाने में सफेद ईवेंजेलिकल (जन्म से दोबारा धर्म अपनाने वाले) ईसाइयों का बड़ा योगदान था। ट्रंप के कुल वोटरों में से 34 प्रतिशत ऐसे ईसाई थे, जबकि हैरिस के वोटरों में सिर्फ 8 प्रतिशत ही ऐसे थे। कुल वोटरों में ये लोग लगभग 20 प्रशित (हर 10 में 2) थे, और इनमें से 79: ने ट्रंप को वोट दिया। एक सर्वे (फरवरी) में पाया गया कि ऐसे ईसाइयों में से लगभग दो–तिहाई लोग ट्रम्प के काम से खुश हैं, जबकि एक–तिहाई नाखुश हैं. लेकिन कैथोलिक ईसाई ट्रंप से ज्यादा खुश नहीं हैं। उनमें से सिर्फ 40 प्रतिशत (10 में 4) लोग उनके काम को सही मानते हैं, जो लगभग पूरे अमेरिका के औसत जैसा ही है।



नफीस जाफरी

# बिहार में नीतीश युग का अंत, उनके अधूरे काम क्या होंगे पूरे?



गुलफिशा खान

बिहार की सियासत में आज एक बड़े युग का अंत हो गया। सुशासन बाबू के नाम से मशहूर नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। अब नीतीश कुमार राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के बाद वे राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। हालांकि, वे पद छोड़ रहे हैं लेकिन बिहार की राजनीति व शासन पर उनका प्रभाव महत्वपूर्ण बना रहने की उम्मीद है। बिहार विधानसभा में 202 सदस्यीय राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में जनता दल (यूनाइटेड) के 85 विधायक, चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के 19 विधायक और जीतन राम मांझी के नेतृत्व वाली हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के पांच विधायक शामिल हैं। इसके अलावा राज्यसभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा के पांच विधायक भी राजग का हिस्सा हैं। नीतीश कुमार ने 1977 में पहली बार हरनौत से बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ा था, लेकिन तब वो हार गए थे। फिर 1980 में भी उन्हें 5 हजार वोटों से हार का सामना करना पड़े था। लेकिन 1985 में करो या मरो के मुलाबले में वो 22 हजार वोटों से जीत गए और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। नीतीश कुमार ने फिर 1989 में बाढ़ सीट से पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा. बाद में जनता दल में बिखराव के बीच उन्होंने शरद यादव और अन्य नेताओं के साथ 2003 में जनता दल यूनाइटेड बनाई। 1998–1999 की केंद्र सरकार में नीतीश कुमार रेल मंत्री बने। फिर वो 2001 से 2004 तक .षि मंत्री रहे। 2004 में वो नालंदा लोकसभा से चुनाव जीते, लेकिन अटल सरकार सत्ता से चली गई, फिर 2005 में वो पहली बार बिहार के सीएम बने। गौरतलब है कि चंद महीनों को छोड़कर पिछले 20 सालों से बिहार की गद्दी पर काबिज़ नीतीश कुमार ने जैसा कि उल्लेखनीय है मुख्यमंत्री के पद से अपना इस्तीफा दे दिया। जिसके बाद भाजपा के नेतृत्व में बिहार में पहली सरकार अस्तित्व में आ गई। वहीं इससे पूर्व अपनी अंतिम कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री पद छोड़ते हुए नीतीश कुमार भावुक नजर आए। बिहार कैबिनेट में बैठक में नजारा बेहद गमगीन था। बैठक में नीतीश कुमार ने अपना विदाई भाषण दिया जो क़रीब 6 मिनट का था। अपने भाषण में नीतीश ने सहयोग के लिए सबका धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने अपनी शक्ति और क्षमता के अनुरूप काम करने की कोशिश की। सूत्रों ने बताया कि पूरी बैठक के दौरान सभी मंत्री बेहद भावुक दिखे। अशोक चौधरी और लेसी सिंह सरीखे मंत्री तो फफक–फफक कर रो रहे थे।जैसे ही कैबिनेट की बैठक ख़त्म हुई नीतीश कुमार सभी मंत्री से एक–एक कर बात करने लगे। सूत्रों के मुताबिक़, सभी मंत्रियों से नीतीश कुमार एक ही सवाल पूछ रहे थे। सवाल ये था कि उनका फैसला सबको मंज़ूर है कि नहीं? भरे मन से ही सही, सभी मंत्रियों ने हामी भरी। हालांकि, कुछ मंत्रियों ने जवाब दिया कि उनका फैसला सही नहीं था। उन्होंने कहा कि उन्हें नीतीश कुमार की कमी बेहद खलेगी। बहरहाल, वहीं दूसरी ओर बिहार में नेतृत्व परिवर्तन के साथ ही अब यह सवाल तेजी से उठने लगा है कि पिछले वर्षों में शुरू की गई बड़ी योजनाओं और परियोजनाओं का क्या होगा? लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण कई ऐसी योजनाएं हैं, जिन्हें राज्य की पहचान से जोड़ा गया, लेकिन उनमें से कई अब भी अधूरी हैं या पूरी रतार नहीं पकड़ सकी हैं। सरकारी दस्तावेजों और विभागीय आंकड़ों के अनुसार, राज्य में इस समय विभिन्न विभागों की करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली सैकड़ों परियोजनाएं अलग–अलग चरणों में चल रही हैं। ऐसे में नई सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही मानी जा रही है कि वह इन अधूरे कामों को किस प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाती है। सबसे ज्यादा चर्चा बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं को लेकर हो रही है। बिहार में सड़क और पुल निर्माण से संबंधित करीब 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं चल रही हैं। पटना में रिंग रोड परियोजना की अनुमानित लागत करीब 7,500 करोड़ रुपये बताई जाती है, जबकि गंगा पथ और उससे जुड़े लाईओवर परियोजनाओं पर



3,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हो चुका है। इसके बावजूद कई हिस्सों में काम अभी अधूरा है और समय सीमा बार–बार आगे बढ़ाई गई है। राज्य सरकार के अनुसार, केवल पथ निर्माण विभाग में ही 200 से अधिक सड़क और पुल परियोजनाएं ऐसी हैं, जिनकी तय समय सीमा बढ़ाई जा चुकी है। नीतीश कुमार के राज में स्वास्थ्य क्षेत्र में भी कई बड़ी योजनाएं अधूरी मानी जा रही हैं। बिहार में पिछले कुछ वर्षों में लगभग 20 नए मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने की योजना बनाई गई थी। इनमें से कई का निर्माण कार्य अभी जारी है और कुछ पूरी तरह शुरू नहीं हो पाए हैं। राज्य में डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की कमी भी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बिहार में सरकारी अस्पतालों में करीब 30 से 35 प्रतिशत डॉक्टरों के पद खाली हैं। इसका सीधा असर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर पड़ रहा है। नई सरकार के सामने यह चुनौती होगी कि इन संस्थानों को जल्द चालू किया जाए और जरूरी स्टाफ की नियुक्ति की जाए। शिक्षा के क्षेत्र में भी कई योजनाएं अभी अधूरी हैं. बिहार में सरकारी स्कूलों में करीब 3.5 से 4 लाख शिक्षक कार्यरत हैं, लेकिन अभी भी लगभग 1 लाख पद खाली बताए जाते हैं। कई स्कूलों में भवन और बुनियादी सुविधाओं की कमी की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों की कमी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। शिक्षा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के विश्वविद्यालयों में करीब 40 प्रतिशत तक शिक्षकों के पद खाली हैं। इससे शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। रोजगार और उद्योग के क्षेत्र में भी कई लक्ष्य अभी पूरे नहीं हो पाए हैं। सरकार ने पिछले वर्षों में 10 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां देने का लक्ष्य रखा था. इसमें से बड़ी संख्या में नियुक्तियां जरूर हुई हैं, लेकिन अभी भी हजारों पदों पर बहाली की प्रक्रिया लंबित है। उद्योग के मामले में भी राज्य में बड़े निवेश की गति अपेक्षा के अनुसार नहीं बढ़ सकी है। उद्योग विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में करीब 50 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए, लेकिन उनमें से एक बड़ा हिस्सा जमीन पर पूरी तरह लागू नहीं हो पाया है। यही वजह है कि रोजगार का मुद्दा लगातार राजनीतिक बहस का केंद्र बना हुआ है।

कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की स्थिति भी मिश्रित रही है। हर घर नल–जल योजना पर अब तक करीब 45 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन कई जिलों में पानी की नियमित आपूर्ति को लेकर शिकायतें सामने आती रही हैं। सिंचाई परियोजनाओं पर भी हजारों करोड़ रुपये खर्च हुए हैं, फिर भी राज्य के कई इलाकों में किसान अभी भी मानसून पर निर्भर हैं। ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए हर साल हजारों किलोमीटर सड़क बनाने का लक्ष्य तय किया जाता है, लेकिन कई जगहों पर काम की गुणवत्ता और समयसीमा को लेकर सवाल उठते रहे हैं।

राजनीतिक नजरिए से देखें, तो नई सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वह पुराने कामों को पूरा करने और नई योजनाएं शुरू करने के बीच संतुलन बनाए। अधूरी परियोजनाओं पर पहले से ही बड़ी राशि खर्च हो चुकी है और अगर उन्हें समय पर पूरा नहीं किया गया, तो लागत और बढ़ सकती है। वित्त विभाग के अनुमान के अनुसार, किसी परियोजना में एक साल की देरी होने पर उसकी लागत औसतन 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। आने वाले महीनों में यह साफ हो जाएगा कि नई सरकार किन योजनाओं को प्राथमिकता देती है और किन क्षेत्रों में सबसे पहले सुधार की कोशिश करती है. फिलहाल इतना तय माना जा रहा है कि अधूरे कामों को समय पर पूरा करना नई सरकार की प्रशासनिक क्षमता और राजनीतिक विश्वसनीयता की सबसे बड़ी परीक्षा होगी।

# होर्मुज के बहाने ट्रंप बना रहे हैं दुनिया पर दबाव!



फरीद बारसी

यह किसी से छिपा नहीं है कि ईरान और अमेरिका के बीच इस्लामाबाद में हुई शांति वार्ता बेनतीजा रही। इस बीच दोनों देशों के बीच फिर से तनाव बढ़ता दिख रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने होर्मुज पर नाकाबंदी कर दी है। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक ईरान परमाणु हथियारों से तौबा नहीं करता, तब तक कोई समझौता संभव नहीं है। उन्होंने सीजफायर को लेकर कहा कि अभी हमले नहीं किए जा रहे हैं। व्हाइट हाउस में मीडिया से बात करते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच मुख्य मुद्दा परमाणु हथियार का है। उन्होंने कहा कि ईरान समझौता चाहता है और अगर वे परमाणु हथियार न रखने पर सहमत नहीं होते, तो कोई डील नहीं होगी। उन्होंने कहा कि वो ईरान को दुनिया को ब्लैकमेल नहीं करने देंगे। उन्हें उम्मीद है कि ईरान इस मुद्दे पर मान जाएगा। वहीं इन सबके बीच गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर नौसैनिक नाकेबंदी का ऐलान कर दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा पर नया संकट खड़ा कर दिया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या ट्रंप ईरान पर दबाव बनाने के नाम पर बाकी देशों को भी इस जंग में धकेलना चाहते हैं?जैसा कि उल्लेखनीय है कि इस्लामाबाद में 21 घंटे चली अमेरिका–ईरान वार्ता बिना किसी समझौते के खत्म हुई। इसके बाद ट्रंप ने ऐलान किया कि अमेरिकी नौसेना ईरानी बंदरगाहों की ओर जाने या वहां से निकलने वाले जहाजों को रोकेगी। इतना ही नहीं, जिन 'न्यूट्रल देशों के जहाज ईरान को सुरक्षित रास्ते के बदले भुगतान कर रहे थे, उन्हें भी इंटरसेप्ट करने की बात कही गई। ट्रंप का मकसद ईरान की तेल कमाई रोकना है, लेकिन इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है। होर्मुज दुनिया के सबसे अहम तेल मार्गों में से एक है। वैश्विक तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे बड़े आयातक देश इस जलडमरूमध्य पर निर्भर हैं। भारत के एलपीजी आयात का भी बड़ा हिस्सा इसी रास्ते आता है। 28 फरवरी से शुरू हुए ईरान और इजरायल संघर्ष के दौरान ईरान ने ड्रोन, मिसाइल हमलों और समुद्री बारूदी सुरंगों से यहां दबाव बनाया था। इससे कई कारोबारी जहाज प्रभावित




हुए और तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई थीं। 7 अप्रैल को अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम जैसे समझौते के बाद हालात कुछ सुधरे थे। ईरान ने दो हतों के लिए जहाजों को सीमित ट्रांजिट की इजाजत दी थी, जिससे तेल कीमतों में नरमी आई। लेकिन 12 अप्रैल को वार्ता फेल होने के बाद ट्रंप ने फिर सख्त रुख अपनाया और नाकेबंदी की घोषणा कर दी। इसके बाद ब्रेंट और डब्ल्यूटीआई फिर 100 डॉलर के पार पहुंच गए। ट्रंप की यह रणनीति सिर्फ ईरान ही नहीं, उन देशों पर भी दबाव मानी जा रही है जिन्होंने पहले अमेरिकी नेतृत्व वाले साझा नौसैनिक मिशन में शामिल होने से दूरी बनाई थी। चीन ने सीधे ईरान से समझौता कर अपने जहाजों की आवाजाही सुनिश्चित की थी। भारत ने भी कूटनीतिक स्तर पर अपने ऊर्जा हित सुरक्षित करने की कोशिश की। जापान और दक्षिण कोरिया ने सैन्य भूमिका से बचते हुए वैकल्पिक आपूर्ति और रिजर्व पर जोर दिया। यूरोपीय सहयोगी भी ट्रंप की लाइन पर नहीं दिख रहे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने साफ कहा है कि ब्रिटेन ईरान युद्ध में नहीं घसीटा जाएगा और नाकेबंदी का हिस्सा नहीं बनेगा। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने ब्रिटेन के साथ मिलकर युद्ध से अलग एक बहुराष्ट्रीय, रक्षात्मक मिशन की बात कही है, जिसका मकसद सिर्फ कारोबारी जहाजों की सुरक्षित आवाजाही बहाल करना होगा। यानी, ट्रंप का कदम ईरान पर दबाव बनाने से ज्यादा दुनिया के ऊर्जा आयातकों के लिए नई मुसीबत बन सकता है। अगर हालात और बिगड़े, तो इसका सबसे बड़ा असर तेल कीमतों, महंगाई और एशियाई अर्थव्यवस्थाओं खासकर भारत पर पड़ सकता है।

# आंबेडकर के लिए राष्ट्र का भाग्य सर्वोपरि था

नीतीश कुमार सिंह

संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के पुरोधा डॉ. भीमराव आंबेडकर की अभिव्यक्ति राष्ट्रवादी आंदोलन से लेकर आजीवन एक प्रखर दलित लड़ाके के तौर पर बेधड़क रही, परंतु भारत और भारतीयता को सर्वोपरि मानकर राष्ट्र की एकता, अखंडता और सद्भाव को अपने मन, वाणी और कर्म में उन्होंने संजोए रखा। मध्यप्रदेश के महू में 14 अप्रैल, 1891 को जन्मे आंबेडकर के जीवन को समझना बहुत कठिन है इसलिए आज की सामाजिक–राजनीतिक परिस्थितयों के बीच आंबेडकर को लेकर अर्द्ध सत्य की धारणा ने जोर पकड़ा है, जिसमें सामाजिक, धार्मिक वैमनस्यता और देश के भाग्य–विधाताओं को खांचों में बांटकर सिर्फ वोट की राजनीति का कुत्सित क्रियाकलाप चलना भर रह गया है। उनके भाषणों से ही नीर–क्षीर किया जा सकता है। 17 दिसंबर, 1946 को संविधान सभा में लक्ष्य संबंधी प्रस्ताव पर 10 मिनट के भाषण में उन्होंने कहा, श्जहां राष्ट्र के भाग्य का फैसला करने का प्रश्न हो, वहां नेताओं, दलों और संप्रदायों की शान का कोई मूल्य नहीं होना चाहिए। वहां तो राष्ट्र के भाग्य को ही सर्वोपरि रखना चाहिए।श आंबेडकर को मानने वालों के लिए यह बहुत बड़ी सीख है। आंबेडकर को संविधान निर्माता के तौर पर पहचान मिली है, लेकिन वह प्लानर और अर्थशास्त्री भी थे। बहुमुखी प्रतिभा वालों के साथ अन्याय होता है। जिन परिस्थितियों में आंबेडकर ने काम किया और अपने अनुयायियों का पथ प्रदर्शन दिया, उस दिशा में उनका राष्ट्रवादी अभिमत अभिव्यक्त होता रहा। उनकी खास बात यह भी थी कि मत परिवर्तन किया तो भारतीय जड़ों से आबद्ध बौद्ध धर्म में किया, किसी बाहरी धर्म या संप्रदाय में नहीं। सामर्थ्यपूर्ण पद्धति से चलने वाले धर्म में किया। यह उनके मूल चरित्र को अभिव्यक्त करता है। यह उनकी एक और विशेषता समझ में आती है। संविधान–सभा में आंबेडकर कहते हैं– श्मैं जानता



हूं कि आज हम राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक सभी दृष्टियों से विभक्त है। आज हमारा देश कई लड़ाकू दलों में बंट गया है, और मैं तो यहां तक मंजूर करूंगा कि ऐसे ही एक लड़ाकू दल के नेताओं में शायद मैं भी एक हूं, परंतु सभापति महोदय इन सब बातों के बावजूद मुझे इस बात का पक्का विश्वास है कि समय और परिस्थितियां अनुकूल होने पर दुनिया की कोई भी ताकत इस मुल्क को एक होने से रोक नहीं सकती। जाति और धर्म की भिन्नता के बावजूद भी हम किसी न किसी रूप में एक होंगे। वे आगे कहते हैं–इसमें मुझे जरा भी शक नहीं है और यह कहने में मुझे रंच मात्र का संकोच भी नहीं है कि यद्यपि मुस्लिम लीग आज भारत के विभाजन के लिए भयानक आंदोलन कर रही है पर एक न एक दिन स्वयं मुसलमान में बुद्धि आएगी और वह समझने लगेंगे कि उनके लिए भी संयुक्त भारत ही सर्वाधिक कल्याणकर है। आंबेडकर ने राष्ट्र व समाज के साथ नागरिक के अधिकारों के संरक्षण पर काफी जोर दिया। इससे अंतिम पायदान के व्यक्ति को संवैधानिक तौर पर समाज और सरकार से सुरक्षा मिल सके। देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के लक्ष्य संबंधी प्रस्ताव पर ही आंबेडकर ने कहा कि इसमें अधिकारों की चर्चा की गई है पर उनकी सुरक्षा का कोई उपाय नहीं किया गया है। हम सभी इस बात को जानते हैं कि अधिकारों का कोई महत्व नहीं है यदि उनकी रक्षा की व्यवस्था न हो ताकि अधिकारों पर जब कभी कुठाराघात हो तो लोग उनका बचाव कर सकें। ऐसे उपचारों पर इस प्रस्ताव में बिल्कुल अभाव है। इस सामान्य सिद्धांत का भी इसमें उल्लेख नहीं है कि किसी नागरिक के जीवन और संपत्ति का तब तक अपहरण नहीं किया जाएगा जब तक कि कानून खूब जांच–पड़ताल कर इसकी आज्ञा न दे दे। प्रस्ताव में उल्लेखित मौलिक अधिकारों को भी कानून और सदाचार के अधीन रख दिया गया है। निश्चित ही कानून और सदाचार क्या है– इसका निर्धारण उस दौर का शासन प्रबंध करेगा। किसी प्रबंध का एक फैसला हो सकता है और दूसरे का दूसरा। हम निश्चय रूप से यह नहीं जानते हैं कि इन मौलिक अधिकारों की स्थिति क्या होगी, अगर यह शासन प्रबंधा की मर्जी पर छोड़ दिए जाते हैं।

बहरहाल, देश में राम राज्य की बात होती है। अगर आज आंबेडकर होते तो अपने भाषणों में कहते कि वह तभी पूरी होगी जिसमें सब नर करहूं परस्पर प्रीति होने के साथ सत्ता, संपत्ति और सम्मान में सबकी समुचित भागीदारी हो। देश ने सोमवार को बाबा साहेब की 135वीं जयंती मनाई। यह अवसर उनके सपनों का भारत बनाने का निश्चय दोहराने का है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व राजनीति शास्त्र के शिक्षक हैं)

# जंगली कुत्तों के हमले में दो मादा हिरण घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। वन्य जीवों पर खतरे का एक और मामला सामने आया है। जंगली कुत्तों के हमले में दो मादा हिरण गंभीर रूप से घायल हो गईं। बताया जा रहा है कि कुत्तों ने दोनों हिरणों को पीछे से बुरी तरह नोच डाला, जिससे उनकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायल हिरणों का रेस्क्यू कर प्राथमिक उपचार कराया। हालांकि उनकी स्थिति अभी भी चिंताजनक बताई जा रही है और वे खतरे से बाहर नहीं हैं। इस घटना के बाद जिले में वन्य जीवों के इलाज की व्यवस्थाओं पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों और पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि बिजनौर में घायल वन्य जीवों के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस रेस्क्यू सेंटर की सख्त जरूरत ळें वन्य जीवों के बेहतर इलाज और संरक्षण को लेकर अब मांग तेज हो गई है, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं में समय रहते प्रभावी उपचार मिल सके।



# सर्वधर्म सामूहिक विवाह 19 को

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। आगामी 19 अप्रैल को एक बार फिर एक छत के नीचे सैकड़ों बेटियों की शादी होगी। जिसके निमित्त आज जोड़ो के परिजनों को दहेज का समान वितरित किया गया। वाटिका कोटला रोड में सामान वितरण किया गया। कार्यक्रम आगामी सर्वधर्म सामूहिक विवाह समारोह का होगा भव्यता के साथ आयोजन ज्योतिवा राव फुले सेवा समिति के बैनर तले, हजारों बेटियों के पिता वरिष्ठ समाजसेवी डा राधेश्याम कुशवाहा की अगुवाई में होंगे कार्यक्रम जिसकी तैयारियां हुई तेज, साल में होते हैं चार कार्यक्रम, जिसको लेकर आज हुआ सामान वितरण।

# अग्निशमन सेवा सुरक्षा रैली का शुभारंभ

## – एसपी अभिषेक झा ने दिखाई हरी झंडी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। अग्निशमन सेवा सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शहर में एक सुरक्षा रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने एसपी कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर किया। यह रैली एसपी ऑफिस से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए निकाली गई, जिसमें अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों, पुलिसकर्मियों और अन्य विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। रैली के माध्यम से आमजन को आग से बचाव, सतर्कता और आपातकालीन स्थिति में उठाए जाने वाले जरूरी कदमों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे आगजनी की घटनाओं से बचने के लिए सावधानी बरतें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दें। रैली के दौरान जगह–जगह लोगों को जागरूक करने के लिए पंपलेट भी वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य शहर में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और संभावित हादसों को रोकना है।



# तीन तहसीलों में तय हुई जमीन, बिजनौर बनेगा उद्योग का नया हब

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। जनपद में प्रस्तावित गोरखपुर–शामली एक्सप्रेसवे अब विकास की नई राह खोलने जा रहा है। एक्सप्रेसवे के किनारे करीब 1000 हेक्टेयर क्षेत्र में औद्योगिक गलियारा (इंडस्ट्रियल कॉरिडोर) विकसित करने की योजना तैयार की गई है, जिससे जिले में बड़े स्तर पर फैक्ट्रियों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रशासनिक स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार इस औद्योगिक गलियारे के लिए बिजनौर, नजीबाबाद और धामपुर तहसीलों में जमीन चिन्हित कर ली गई है। परियोजना के लागू होने से क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। गोरखपुर–शामली एक्सप्रेसवे के निर्माण के साथ ही बिजनौर की कनेक्टिविटी प्रदेश के अन्य प्रमुख शहरों से मजबूत होगी, जिससे उद्योगों को परिवहन और लॉजिस्टिक्स में भी सहूलियत मिलेगी। यही कारण है कि एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक विकास की योजना को प्राथमिकता दी जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस परियोजना से न सिर्फ बिजनौर, बल्कि आसपास के क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। छोटे और मध्यम उद्योगों के साथ–साथ बड़े निवेशकों के आने की भी संभावना जताई जा रही है। प्रशासन का कहना है कि भूमि अधिग्रहण और अन्य प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा कर परियोजना को जल्द धरातल पर उतारने का प्रयास किया जाएगा।

# नारी शक्ति के समर्थन में सड़कों पर उतरीं बीजेपी महिला कार्यकर्ता

## – स्कूटी रैली निकाल पीएम मोदी का जताया आभार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से शहर में भव्य स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्षा इंदिरा सिंह ने इंदिरा बाल भवन से हरी झंडी दिखाकर किया।



यह स्कूटी रैली इंदिरा बाल भवन से शुरू होकर नुमाइश ग्राउंड, जजी, शास्त्री चौक, सिविल लाइन, डाक खाना चौराहा होते हुए कलक्ट्रेट मार्ग से गुजरते हुए पुनः नुमाइश ग्राउंड पर सम्पन्न हुई। रैली में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारी शक्ति वंदन बिल लाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। रैली का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के संदेश को जन–जन तक पहुंचाना बताया गया। कार्यक्रम जिला उपाध्यक्ष रजनी कालरा के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जबकि जिला मंत्री विनोद राठी और जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र राजपूत की मौजूदगी में रैली को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया। बताया गया कि बीजेपी महिला मोर्चा के ऐसे कार्यक्रम आगामी दिनों में भी लगातार आयोजित किए जाएंगे।

# टोल पर ट्रेलरो से 15 से 30 हजार रुपए वसूली का लगा आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। भड़सर वाराणसी–गोरखपुर फोरलेन के मिर्जापुर क्यामपुर टोल प्लाजा पर ट्रेलरों व बड़े वाहनों पर भारी सामान व मशीनें ले जाने के नाम पर प्रति वाहन 15 हजार से 30 हजार रुपये वसूले जाने का आरोप है। इतना ही नहीं, पैसा लेकर इन वाहनों को निकालने के लिए टोल कर्मियों द्वारा बाकायदा व्यवस्था भी की गई है। चार पहिया और ट्रेलरों से टोल तो वसूला जा रहा है, लेकिन यहां सुविधाएं नदारद हैं। वहीं, दोनों तरफ लगा धर्मकांटा एक वर्ष से खराब पड़ा हुआ है। सबसे बड़ी बात यह है कि जिन वाहनों पर फास्टैग नहीं लगा होता है, ऐसे चालकों से क्यूआर कोड के बजाय टोलकर्मी नकद भुगतान लेने को लेकर कहासुनी पर उतारू हो जाते हैं। वाराणसी–गोरखपुर फोरलेन पर स्थित मिर्जापुर क्यामपुर टोल छंजपवदंस भ्पहींले ।नजीवतपजल वप्लािजा से प्रतिदिन लगभग सात हजार छोटे–बड़े वाहन गुजरते हैं। हाल ही में टोल दरों में भी वृद्धि की




गई है। चार पहिया वाहनों का शुल्क 120 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये और ट्रेलर का शुल्क 645 रुपये से बढ़ाकर 670 रुपये कर दिया गया है। इसके बावजूद यहां सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। सबसे बड़ी बात यह है कि बना हुआ शौचालय यात्रियों के बजाय टोल कर्मियों द्वारा ही उपयोग में लाया जा रहा है। साथ ही, टोल के आसपास वाहनों की अवैध पार्किंग भी की जाती है, जिससे सड़क हादसों की आशंका बनी रहती है। झारखंड निवासी ट्रेलर चालक राहुल कुमार यादव और विकास चालकों से क्यूआर कोड के बजाय नकद भुगतान लेने को लेकर कहासुनी यादव ने आरोप लगाया कि भारी मशीनें ले जाने पर टोल कर्मियों द्वारा अवैध वसूली की जाती है। उन्होंने बताया कि सात अप्रैल को तीन वाहनों पर भारी सामान लदा हुआ था। टोल कर्मियों ने वाहनों को रोककर प्रति वाहन 30 हजार रुपये की मांग की। चालकों ने पैसा देने से इंकार किया तो उनके वाहनों को चार से पांच घंटे तक रोके रखा गया। बाद में प्रति वाहन 15 हजार रुपये लेने के बाद ही उन्हें जाने दिया गया। एनएचएआई के परियोजना निदेशक ललित पाल ने कहा कि यदि टोल कर्मियों द्वारा इस प्रकार की वसूली की जा रही है, तो इसकी जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, टोल के दोनों तरफ लगे इलेक्ट्रॉनिक कांटे को भी जल्द दुरुस्त कराया जाएगा।

# योगी सरकार ने जिले में संवारी गरीबों की तकदीर

## - 1.33 लाख परिवारों का अपना घर का सपना हुआ साकार

## - हर पात्र को मिली छत, जिले में विकास को मिली योगी सरकार में नई उड़ान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। प्रदेश की योगी सरकार में बुंदेलखंड के जनपद ने विकास की एक नई उड़ान भरी है। हर



गरीब को छत देने के संकल्प के साथ जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के जरिए बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जिले के 1 लाख 33 हजार से अधिक जरूरतमंदों को उनका अपना पक्का घर मिल चुका है। जिससे उनके जीवन स्तर में क्रांतिकारी सुधार आया है और जिले में आवास योजनाओं का लाभ समाज के हर तबके तक पहुंचाया गया है। हर पात्र को मिली छत, बांदा में विकास को मिली योगी सरकार में नई उड़ान जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत सबसे अधिक 107030 पात्र लाभर्थियों को पक्का मकान मुहैया कराया गया है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में भी पिछड़े और गरीब परिवारों का ध्यान रखते हुए 19057 लोगों को उनके सपनों का घर दिया गया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत विशेष परिस्थितियों और वंचित वर्गों के 7094 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना से लाभान्वित किया गया है। जिससे जिले की तस्वीर बदली है। पिछली सरकारों में कभी कच्चे घरों और मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसने वाले बुंदेलखंड के बांदा के इन लाखों परिवारों के लिए ये पक्के घर केवल ईंट–पत्थर का ढांचा नहीं हैं बल्कि सम्मान के साथ जीने का जरिया बन गए हैं। कहा जाए तो योगी सरकार की पारदर्शी नीतियों के कारण बिना किसी बिचौलिए के सीधे उन्हें योजना का लाभ मिला है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार बांदा में इन योजनाओं का क्रियान्वयन युद्ध स्तर पर किया गया ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति छूट न जाए। पक्के घरों के साथ–साथ इन परिवारों को शौचालय, बिजली और उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन जैसी सुविधाओं से भी जोड़ा गया है। जिससे जनपद की ग्रामीण और शहरी दोनों तस्वीरें बदल गई हैं।

# विधायक के जन्मदिवस पर वृद्धाश्रम में कराया भोजन वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

ऊंचाहार, रायबरेली। ऊंचाहार विधायक डॉ मनोज पांडेय के जन्मदिवस पर बुधवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने सेवा और समर्पण के भाव से मनाया। उन्होंने रायबरेली शहर के चंदापुर कोठी स्थित जगमोहनेश्वर मंदिर के सामने निर्धारित लोगों को फल, भोजन, जल, चाय वितरित किया। जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों की सेवा करके उन्हें भी फल बिस्कुट नमकीन चाय वितरित किया। इसके बाद वृद्धाश्रम पहुँचकर वहाँ निवासरत वृद्धजनों के साथ समय व्यतीत किया। उन्होंने वृद्धजनों को स्वादिष्ट भोजन परोसा एवं मौसमी फल चाय बिस्कुट नमकीन वितरित किए। इस दौरान वृद्धजनों के मुख पर प्रसन्नता देखते ही बनती थी। भाजपा नेता ने कहा कि हमारे विधायक का जीवन जनसेवा के लिए समर्पित है। ऊंचाहार से लगातार तीन बार विधायक का चुनाव जीतना यह दर्शाता है कि आम लोगों में उनकी लोकप्रियता का कोई तोड़ नहीं है। आज वो ऊंचाहार के जन जन की अपेक्षा और उम्मीद के रूप में विद्यमान है। उनके जन्मदिवस पर उनसे प्रेरणा लेकर हमने यह लघु प्रयास किया है। वृद्धजनों, गरीबो, यतीमों की सेवा साक्षात ईश्वर की सेवा है। विधायक के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की हम सब कामना करते हैं। इस अवसर पर वृद्धाश्रम के प्रबंधक ने भाजपा नेता का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के उपरांत समस्त वृद्धजनों ने विधायक के सुदीर्घ जीवन, उत्तम स्वास्थ्य एवं यशस्वी कार्यकाल हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। पूरे वातावरण में सौहार्द एवं आत्मीयता का संचार दिखाई दिया। इसके बाद ऊंचाहार के अनुष्ठान होटल में भी भाजपा नेता के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें केक काटकर विधायक का जन्मदिन बनाया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से समाजसेवी महेंद्र अग्रवाल, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राधेश्याम सोनी, विजय सोनकर, बीडीसी मनीष कौशल, डॉ पंकज गुप्ता, हिमांशु सोनी, कुशाग्र त्रिपाठी, प्रियांशु, शिवम चौरसिया, बीडीसी गुड्डन यादव, यश त्रिपाठी, विजय पाल, बाल्मिक यादव, विनोद निर्मल, अजय चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे।




# पेशकर को एंटी करप्शन टीम ने दबोचा



न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लखनऊ से आई एंटी करप्शन टीम ने तहसील सिधौली में तैनात एक वरिष्ठ बाबू को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरतार कर लिया। आरोपी बाबू अनुपम श्रीवास्तव को एक किसान से दाखिल–खारिज (म्यूटेशन) के एवज में 1 लाख 7 हजार रुपये की घूस लेते समय दबोचा गया। इस कार्रवाई से तहसील परिसर में हड़कंप मच गया और कई कर्मचारी मौके से खिसक गए। जानकारी के अनुसार, अटरिया थाना क्षेत्र के एक किसान ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी कि उसकी जमीन के दाखिल–खारिज के लिए बाबू अनुपम श्रीवास्तव लगातार रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायत की जांच के बाद टीम ने जाल बिछाया। जैसे ही आरोपी ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी बाबू का विवादों से पुराना नाता रहा है। जब वह सीतापुर सदर तहसील में तहसील में तैनात था, तब भी उस पर भ्रष्टाचार और नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के आरोप लगे थे। शिकायतों के चलते उसे वहां से हटाकर सिधौली भेजा गया था, लेकिन यहां भी उसकी कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आया। अचानक हुई इस कार्रवाई के बाद तहसील परिसर में सन्नाटा पसर गया। एंटी करप्शन टीम आरोपी को अपने साथ लखनऊ ले गई है, जहां उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई ने तहसील प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। साथ ही यह स्पष्ट संदेश भी दिया है कि रिश्वतखोरी करने वालों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई तय है।

# अश्परेशन कन्विक्शन में बड़ी सफलता, गैंगस्टर को पांच साल की सजा

## - डकैती व लूट के आरोपी पर सख्त कार्रवाई, कोर्ट ने अर्थदंड भी लगाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल हुई है। थाना चौबिया क्षेत्र से संबंधित गैंगस्टर एक्ट के मामले में न्यायालय द्वारा एक अभियुक्त को कठोर सजा सुनाई गई है। मामले में सु.ढ़ विवेचना और अभियोजन की समन्वित कार्रवाई के परिणामस्वरूप एडीजे–10 गैंगस्टर कोर्ट इटावा ने अभियुक्त को 5 वर्ष के कारावास तथा 5,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। घटना के अनुसार, थाना चौबिया क्षेत्र में अभियुक्त द्वारा अपने भौतिक लाभ के लिए एक संगठित गैंग बनाकर मारपीट, लूट और डकैती जैसे जघन्य अपराध किए जा रहे थे, जिससे क्षेत्र में भय और आतंक का माहौल बना हुआ था। इस संबंध में 31 जुलाई 2016 को गैंगस्टर एक्ट की धारा 3(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना अधिकारी द्वारा साक्ष्यों का गहन संकलन करते हुए आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस टीम, पैरोकार और अभियोजन पक्ष द्वारा लगातार साक्ष्य प्रस्तुत कर प्रभावी पैरवी की गई, जिसके परिणामस्वरूप न्यायालय ने दोष सिद्ध होने पर अभियुक्त को सजा सुनाई। सजायाता अभियुक्त बब्लू उर्फ जितेंद्र पुत्र रन सिंह, निवासी भूटा रमपुरा, थाना चौबिया, जनपद इटावा। इस कार्रवाई को पुलिस की अपराध नियंत्रण के प्रति प्रतिबद्धता और सख्त कार्यशैली का उदाहरण माना जा रहा है।




# एसआरके पीजी कॉलेज में हुई क्विज प्रतियोगिता

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। एसआरके (पीजी) कॉलेज में बुधवार को वाणिज्य एवं प्रबंध संकाय के तत्वावधान में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मार्केट (सेबी) के सहयोग से नेशनल फाइनेंशियल लिट्रेसी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रवि माहेश्वरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर वाणिज्य संकाय के शिक्षकों द्वारा छात्र–छात्राओं द्वारा प्रबंध एवं मार्केटिंग के टिप्स दिये। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बी०कॉम० द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किये गये।



# विद्युत विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। नगर स्थित पावर हाउस परिसर में विद्युत विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अधिशासी अभियंता संजीव कुमार मिश्रा द्वारा की गई, जिसमें डिवीजन के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता संजीव कुमार मिश्रा ने विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्मार्ट मीटर और कार्यकुशलता पर जोर देते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने की प्रक्रिया में तेजी लाने और उपभोक्ताओं की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों में पारदर्शिता और गतिशीलता विभाग की प्राथमिकता है। इस दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, अधिशासी अभियंता ने संविदा लाइनमैनों और फील्ड कर्मचारियों को सुरक्षा किट एवं ड्रेस वितरित की। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि लाइन पर कार्य करते समय सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग अनिवार्य है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इस दौरान प्रमुख रूप से लहरपुर उपखंड अधिकारी अंचल मिश्रा, हरगांव उपखंड अधिकारी अब्दुल अजीज, अवर अभियंता अमरेश कुमार वर्मा, राकेश कुमार, विजय प्रकाश, अभिनव शुक्ला, समेत टीजी 2 व लाइनमैन मौजूद रहे।



# दो सौ लावारिस अस्थियों का विसर्जन करा चुकी संस्था

## – 17 अप्रैल को विसर्जन ट्रस्ट की होगी पांचवी यात्रा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। बैकुंठ धाम वैलफेयर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने जलेसर रोड़ स्थित बाबा किशोर मुनि आश्रम में पत्रकारों से वार्ता की। जिसमें




जितेन्द्र शर्मा, मनीष भदौरिया, राहुल हुंडीवाल, विक्रांत शर्मा, पण्डित सिद्धराज पंत, महंत टिल्लू बाबा, बबलू दीक्षित तिरंगा भाई, अजय, कमल व ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा अभी तक करीब 200 से अधिक लावारिस अस्थियों का विर्सजन संस्था द्वारा किया जा चुका है। लावारिस अस्थियों के सम्मानपूर्वक विसर्जन के उद्देश्य से अमावस्या वाले दिन 17 अप्रैल को प्रातः 9 बजे अस्थि विसर्जन ट्रस्ट की पंचम (5 वीं) यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लगभग 51 पुण्य आत्माओं की अस्थियों का विधिवत विसर्जन किया जाएगा। जो, बाबा किशोर मुनि आश्रम, जलेसर रोड से प्रारंभ होकर सोरों गंगा जी पहुंचेगी, जहां योग्य ब्राह्मणों द्वारा विधि–विधान से पिंडदान एवं अस्थि विसर्जन किया जाएगा। जिसकी संख्या बढ़ भी सकती है। इसके उपरांत यात्रा पुनः आश्रम पर लौटेगी, जहां पुण्य आत्माओं की शांति के लिए गरुण पुराण का पाठ किया जाएगा। साथ ही, 12 दिन पश्चात संतों के सानिध्य में भोजन भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इस पुनीत कार्य में समाज के वर्गों से सहयोग की अपील करते हुए ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा है कि, जो भी श्रद्धालु इस सेवा कार्य में तन, मन एवं धन से सहयोग करना चाहते हैं, वे जितेंद्र शर्मा से उनके मोबाइल नंबर 9412561369 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सडक हादसा, चालक की मौत

## – खलासी गंभीर रुप से घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

अमेठी। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सेवरा गांव के पास बुधवार को सड़क हादसे में चालक की मौत हो गई जबकि खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। लखनऊ से गाजीपुर दिशा मे जा रही केला लदी डीसीएम आगे चल रहे अज्ञात वाहन से टकरा गई। टक्कर के बाद वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार दोनों लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। घटना की सूचना मिलते ही यूपीडा की एंबुलेंस मौके पर पहुंची। चालक मोहम्मद अली (32) तथा खलासी मोहम्मद आजम (33) निवासी सियाली जागीर, थाना हसनपुर (अमरोहा) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजार शुकुल पहुंचाया गया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद मोहम्मद अली को मृत घोषित कर दिया। दूसरे घायल मोहम्मद आजम की हालत गंभीर देखकर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया है। चिकित्सकों ने बेहतर इलाज की जरूरत बताई है। हादसे की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू करते हुए वाहन को हटाकर यातायात बहाल कराया गया। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
**फैसल चश्में वाले**
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
*हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है। नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।*
*नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।*
**फैसल चश्में वाले**
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P | हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213 | एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# शिक्षकों के साथ मारपीट करने वाले अराजकतत्वों की हो गिरफ्तारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बांदा के जिलाध्यक्ष पंकज सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन सीओ सदर राजवीर सिंह गौर को सौंप कर बड़ोखर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय बजरंग पुरवा विद्यालय में शिक्षकों के साथ मारपीट करने वाले अराजकतत्वों की गिरतारी की मांग की। जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने



बताया कि बड़ोखर खुर्द ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय बजरंगपुरवा में शराब के नशे में एक अराजकतत्व द्वारा अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर 13 अप्रैल को लगभग दोपहर 12.00 बजे शिक्षकों से अभद्रता करते हुए मारपीट की गई है। जिसमें शिक्षक विवेक दीक्षित को गंभीर चोटें आई हैं। शिक्षक के हाथ में फैक्चर भी हुआ है। साथ ही उक्त अराजक तत्वों द्वारा विद्यालय के अभिलेखो को फाड़ते हुए सरकारी अभिलेखों को क्षति पहुंचाई गई है। अराजक तत्वों द्वारा समस्त शिक्षकों को धमकी दी जा रही है। बुधवार को भी विद्यालय परिसर में आकर हंगामा करने का प्रयास किया गया है। अतः राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि संबंधित अराजक तत्वों को तत्काल गिरतार करते हुए ऐसी कड़ी से कड़ी सजा दी जाए जिससे दोबारा शिक्षा के मंदिर विद्यालयों में इस तरह की घटनाएं ना हो अन्यथा शिक्षक विद्यालय बंद कर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष पंकज सिंह सहित विवेक दीक्षित, विनोद शिवहरे, मनोज सिंह, राजेंद्र कुमार द्विवेदी, सुरेन्द्रवीर वर्मा, अरुण साहू, शशि गुप्ता, मनीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

# केन आरती में श्रद्धालुओं ने मनाई बाबा साहब की जयंती

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिला मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने अवगत कराया कि मंगलवार को भूरागढ़ क्षेत्र अंतर्गत केन नदी घाट पर जीवनदायनी केन मां की आरती कार्यक्रम श्रद्धालुओं ने विधि विधान के साथ संपन्न किया तत्पश्चात संविधान निर्माता, भारत रत्न, बोधिसत्व महामानव डॉ० भीमराव अंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर उनके चित्र पर फूल माला चढ़ाकर



पुष्प अर्पित किए। इस कार्यक्रम का आयोजन विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित समिति के जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने सभी को डॉ० भीमराव अंबेडकर जी के महान कार्यों और विचारों के बारे में बताया साथ ही समाज और देश के लिए उन्होंने जो संघर्ष किए है उन्हें भी बताया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि डॉ० भीमराव अंबेडकर जी ने हमारे देश को संविधान प्रदान किया है जिससे आज पूरा देश चलता है और संविधान ने हम सबको अधिकार भी प्रदान किया है इसलिए हमें अपने संविधान को पढ़ना चाहिए और जागरूक बनना चाहिए तथा अपने अधिकारों को भी पहचानना चाहिए। इस दौरान सभी ने डॉ० भीमराव अंबेडकर के आदर्शों और उनके पदचिन्हों पर चलने के लिए शपथ ली और समाज तथा देश हित में कार्य करेंगे ऐसी प्रतिज्ञा ली। इस दौरान कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अनीता गुप्ता जिला उपाध्यक्ष आरती सिंह जिला उपाध्यक्ष अर्चना शुक्ला रीना कश्यप जिला मंत्री जिला संयोजक महेश कुमार तिवारी जिला महामंत्री राकेश कुमार जिला कोषाध्यक्ष प्रेम गुप्ता त्रिपाठी जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया जिला अध्यक्ष अधिवक्ता प्रकोष्ठ दीपक शुक्ला गौरव वर्मा सहदेव सहित तमाम पदाधिकारी एवं श्रद्धालु लोग मौजूद रहे।

# महिला नेतृत्व से सशक्त होगा राष्ट्र : डा. अभिलाषा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष डा. अभिलाषा वर्मा ने कहा कि देश अब महिला विकास की अवधारणा से आगे बढ़कर महिला नेतृत्व आधारित विकास की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने इसे देश के लोकतांत्रिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी कदम बताया। डा. अभिलाषा वर्मा ने कहा कि लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इससे महिलाओं को नीति निर्माण में सीधी भागीदारी मिलेगी, जिससे लोकतंत्र और अधिक मजबूत, संतुलित व समावेशी बनेगा। उन्होंने कहा कि इससे न केवल महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों की वास्तविक समस्याएं भी प्रभावी



ढंग से सामने आ सकेंगी। उन्होंने "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह कानून महिलाओं को केवल प्रतिनिधित्व ही नहीं, बल्कि नेतृत्व की भूमिका में स्थापित करेगा। इससे ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को समान अवसर मिलेगा और वे अपने अनुभवों के आधार पर देश के विकास में सक्रिय योगदान दे सकेंगी। डा. अभिलाषा वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए अनेक प्रभावी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और भारत विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। अंत में उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त आधार है, और महिला नेतृत्व से देश का भविष्य और अधिक उज्ज्वल एवं समृद्ध बनेगा।

# किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों का शीघ्र करें निस्तारण : सीडीओ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा किसान दिवस बैठक में आये हुए किसानों से पूर्व किसान दिवस में आयी शिकायतों की बिन्दुवार समीक्षा की। इसके उपरान्त सीडीओ ने कहा कि प्राप्त समस्याओं को प्राथमिकता प्रदान कर दूर करने का पूर्ण प्रयास किया जा रहा है। .षि को लाभकारी बनाये जाने का सुझाव दिया। उन्होनें किसानों से कहा कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर रजिस्ट्री अवश्य बनवालें अन्यथा किसी भी सरकारी अनुदान का लाभ नहीं मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा बिना फार्मर रजिस्ट्री बनवाये गेहूँ क्रय केन्द्रों पर एमएसपी पर विक्रय नहीं कर पायेंगे। सीडीओ ने उपस्थित किसान बन्धुओं से अपेक्षा किया कि अपने आस–पास के सभी किसानों को फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु जनसेवा केन्द्र, राजस्व लेखपाल एवं अपने–अपने ग्राम पंचायतधविकास खण्ड के .षि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों से तत्काल सम्पर्क कर फार्मर रजिस्ट्री बनवालें अन्यथा खाद, बीज पेस्टीसाइड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसान क्रेडिट कार्ड योजना आदि योजनाओं का लाभ नहीं मिल पायेगा। अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री बनवा लें। किसान दिवस बैठक में उपस्थित उप निदेशक .षि विनय कुमार वर्मा ने जनपद में किसानों से फार्मर रजिस्ट्री बनवाने की अपील की गयी। उन्होंने किसान भाइयों से कहा कि जल्द से जल्द अपनी तथा अपने आस–पास के किसानों की भी फार्मर रजिस्ट्री करवाने हेतु जागरुक करें। वर्तमान माह में फसल गेहूँ की कटाई युद्ध स्तर पर प्रारम्भ हो गयी है। गेहूँ मडाई के बाद फसल अवशेषों को खेतों में न जलायें। अपितु स्ट्रा रीपर का उपयोग कर उसका भूसा बनायें, जिससे पशुओं को चारे की कमी न होने पाय। जिला .षि अधिकारी सूबेदार यादव ने जनपद में खाद एवं बीज की उपलब्धता की जानकारी दी। शीघ्र ही .षकों को दैचा बीज की आपूर्ति की व्यवस्था जनपद के राजकीय .षि बीज भण्डारों पर की जा रही है। बैठक में मौजूद जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी द्वारा बताया गया है कि जनपद में कुल 134 क्रय केन्द्र बनाये गये है। जो किसान फार्मर रजिस्ट्री बनवाये होंगे उन्हीं किसानों का गेहूँ क्रय किये जाने का आदेश प्राप्त हुआ है। .षि विज्ञान केन्द्र बहराइच के वैज्ञानिक डा० नन्दन सिंह ने वर्तमान में अपने खेतों से मृदा नमूना ग्रढीत करने के तरीके तथा मृदा कार्ड के अनुसार उर्वरकों का प्रयोग करने की सलाह दी। विश्व हिन्दू परिषद बहराइच के गौ रक्षा प्रमुख शशि भूषण लाल त्रिपाठी ने किसानों को प्रा.तिक खेती कर भूमि की उर्वरा शक्ति बनाये रखने की अपील की। बैठक में उपस्थित प्रगतिशील .षक लालता प्रसाद गुप्ता, बब्बन सिंह, सहित कई किसानों द्वारा चाहे गये सुझाव पर जानकारी दी गयी। लालता प्रसाद गुप्ता द्वारा अधिशासी अभियन्ता सरयू नहर खण्ड–3 के द्वारा राजकीय नलकूप संख्या 23ई के विगत 03 वर्षों से संचालित न कराये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी तथा निर्देश दिया कि अतिशीघ्र इसे विद्युत विभाग से मिलकर संचालित कराया जाये। इस अवसर पर इस अवसर पर उपसंभागीय .षि प्रसार अधिकारी शिशिर कुमार वर्मा जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, एलडीएम जितेन्द्र कुमार मसंद एआर को–आपरेटिव संजीव कुमार तिवारी, सीवीओ डा० राजेश उपाध्याय, भूमि संरक्षण अधिकारी डा० शौरभ वर्मा, सहायक निदेशक मत्स्य बाबू राम् अधिशासी अभियन्ता विद्युत कैसरगंज जगदीश कुमार सहायक अभियन्ता नहर प्रथम राजेश कुमार शर्मा अधिशासी अभियन्ता नहर प्रवेश कुमार अधिशासी अभियन्ता नलकूप ललित कुमार सरयू नहर खण्ड 5 मुकेश कुमार राय सहित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं प्रगतिशील सदस्य .षक श्रीमती माया देवी, जितेन्द्र सिंह सहित समस्त अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।

# बाबा साहेब की 135 वीं जयंती पर हुआ कवि सम्मेलन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। मंगलवार की शाम संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के उपलक्ष्य में डाक्टर धनंजय, और नजरे आलम के संरक्षण में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन बाँदा के कालू कुआं स्थित नटराज संगीत महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में शहर की जानी मानी चिकित्सक डाक्टर नीलम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला अस्पताल की जनरल सर्जन डॉ प्रतीक्षा गुप्ता मौजूद रहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता एस, डी, एम, डिप्टी कलेक्टर इरफान उल्ला खाँ ने की संचालन युवा कवि अनुराग विश्वकर्मा ने किया। सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला, एस डी एम इरफान उल्ला खाँ, डाक्टर नीलम सिंह, डाक्टर प्रतीक्षा, डाक्टर ओम शर्मा ओम, ने डीप प्रज्जवलित कर इस



कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रयागराज से आई कवयित्री आयुषी त्रिपाठी ने ये कविता पढ़ी,हो वन्दे मातरम ही शब्द अंतिम क्षण मेरे मुख पर। मेरे भारत की खातिर खत्म मेरी जिंदगानी हो। बारहबंकी से आये कवि डॉ, ओम शर्मा ओम ने कई कविताएं सुनाई, खाक में राज को दबा देंगे, शोर से साज को दबा देंगे। आप सोंचेंगे सच को सच बोलें, लोग आवाज को दबा देंगे। मुख्य अतिथि डाक्टर नीलम सिंह ने माँ पर बेहतरीन कविता सुनाई अध्यक्षता कर रहे एसडीएम इरफान उल्ला खां ने भी कई शेर सुनाए। इनके अलावा अनिल द्विवेदी, डाल चंद अकेला, दयानंद, योगेश कुमार, अमन यादव आदि ने भी अपनी अपनी कविताएं सुनाई। इस अवसर पर सभी अतिथियों कवियों के साथ साथ जनपद की कई तहसीलों से आये हुए युट्यूबर्स को भी सम्मानित किया गया। इस आयोजन में विशेष रूप से बाँदा पैरामेडिकल एन्ड नर्सिंग कॉलेज,किड्जी प्ले स्कूल, इन्वेंटर कोचिंग सेंटर आदि ने विशेष योगदान किया। इस कार्यक्रम में श्वेता, काजल, अशरफ खान, एनिस आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत मे आयोजक अनुराग विश्वकर्मा ने सभी का आभार्य व्यक्त किया।

# नारी शक्तिवंदन अधिनियम को लेकर महिलाओं ने निकाली स्कूटी रैली

## – अधिनियम कि राष्ट्र निर्माण में होगी निर्णायक भूमिका

## – नारी शक्ति के सशक्त नेतृत्व से भारत बनेगा और मजबूत

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को देश में लागू करने को लेकर लोकसभा में पेश होने वाले बिल समर्थन में भाजपा की महिलाओं ने स्कूटी रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में अहम् भूमिका निभाएगा स नगर पालिका परिषद से निकले गये जुलूस को नगर पालिकाध्यक्ष मालती बासू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम संयोजक व जिला महामंत्री ममता मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिये देश में बड़ा बदलाव लाने का प्रयास किया है जो कि स्वागत योग्य है। 2026 में भारत नारी शक्ति की भागीदारी का स्वर्णिम अध्याय लिखने वाला है। आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष वंदना गुप्ता ने कहा कि वर्षों के इंतजार के बाद अब महिलाओं कि आवाज संसद और विधानसभाओं में और भी मुखर होगी। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम केवल एक कानून नहीं है बल्कि करोडों महिलाओं के सपनों व अधिकारों की जीत है। यह समानता, सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम है।

# सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट घोषित, महर्षि, आरएस एक्सेल और सीपीएस का शतप्रतिशत रहा परिणाम

## -निष्ठा 98.6, दिव्या ने 98.2, प्राची और आनंद ने 97, नव्या ने 96.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम किया रोशन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली ने आज 10 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया। महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल की छात्रा निष्ठा दीक्षित ने 98.6 प्रतिशत अंक पाकर फतेहपुर एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी विद्यालय की छात्रा आकांक्षा सिंह 97 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान पर रहीं। विद्यालय की छात्रा नितिका बाजपेयी 96.6 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। नव्या शुक्ला ने 96.4 प्रतिशत अंक के साथ पांचवें स्थान पर रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस परीक्षा में कुल 285 छात्र उपस्थित हुए थे। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत् रहा। अभिभावकों व प्रधानाचार्य ने बच्चों को मिष्ठान वितरण कर खुशी व्यक्त किया। वहीं चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में एक बार फिर मेधावियों ने बाजी मारी लडकिया रही अव्वल। हर बार की तरह इस बार भी सी०पी०एस० के मेधावियों ने सफलता का परचम लहराया। विद्यालय का परीक्षा परीणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 10 की प्राची और आनंद शुक्ला 97: अंको के साथ प्रथम स्थान पर रहे। 95 के साथ श्रेजल अग्रहरी, अशवी सिंह, कार्तिक चौरसिंया दूसरे स्थान पर रहे। आर्यन राज वर्मा 94.6 के साथ तीसरे, सृष्टि श्रीवास्तव 94.4 के साथ चौथे, मनु 93.2 के साथ पांचवे, नैन्सी वर्मा 93 के साथ छठे, अर्नव सिंह 90.6 के साथ सांतवे, अभिजीत सिंह 89.4 के साथ आठवें और आरोही पटेल 88.2 के साथ नवें स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार श्रीवास्ताव, संजय कुमार श्रीवास्तव तथा निदेशक इंजी० मिसेज प्राची श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य श्रीमती पूनम श्रीवास्तव व हैड मिस्ट्रेस श्रीमती रीना शुक्ला ने आये हुए बच्चों का मुँह मीठा करा कर उन्हे उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएँ दी। इसी तरह शहर स्थित आर. एस. एक्सेल इंग्लिश अकादमी के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय की छात्रा दिव्या यादव ने 98.2: अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त



किया। इसके अतिरिक्त आयती मिश्रा ने 96.6:, श्रेया ने 96:, आरुषि पटेल ने 96: तथा स्वतंत्र त्रिवेदी ने 95: अंक प्राप्त किए। एकुल 89 नामांकित छात्रों में से 88 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 41 विद्यार्थियों ने 90: से अधिक अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक मयूर गुप्ता ने सभी छात्रों, अभिभावकों एवं समस्त स्टाफ को उत्कृष्ट परिणाम के लिए हार्दिक बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव एवं सिविल लाइन परिसर की प्रधानाचार्या श्रीमती वीना श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को सही विषयों के चयन के महत्व पर बल देते हुए सभी का अभिनंदन किया।

# अंबेडकर जयन्ती पर सर्वोदय इण्टर कालेज में हुआ कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं महान समाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 135 वीं जन्म–जयन्ती के अवसर पर राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार समाज कल्याण विभाग असीम अरूण के निर्देश पर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती का पखवाड़ा मनाए जाने के क्रम में बलहा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सर्वोदय इंटर कॉलेज मिहींपुरवा में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। मुख्य अतिथि विधायक बलहा सरोज सोनकर ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण की श्रद्धासुमन अर्पित किये। श्रीमती सोनकर ने कहा कि बाबा साहब की जीवनगाथा हम सबको उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों पर चलने के लिए पुनर्संकल्पित होने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि जाति आधारित भेदभाव के विरुद्ध लड़ाई, सामाजिक समरसता, श्रमिकों के उत्थान, सामाजिक न्याय की प्रतिस्थापना, सशक्तीकरण के साधनों के रूप में शिक्षा पर विशेष जोर एवं समावेशी व समतावादी समाज की स्थापना के सन्दर्भ में उनका दर्शन आज पहले से भी अधिक प्रासंगिक है। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय द्वारा भारतरत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के .तित्व एवं व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए उनके द्वारा सामाजिक, आर्थिक, सांस्.तिक एवं देश की एकता और अखंडता में किये गए बलिदान की स्मृतियों से उपस्थित छात्र–छात्राओं के समक्ष जीवंत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाज कल्याण विभाग सहायक प्रबंधक देवव्रत शर्मा, अधीक्षक किशन लाल, एवं प्राचार्य मनोज यादव मौजूद रहे।

# एसपी ने वैकल्पिक मार्ग चहलारी घाट पुल का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। लखनऊ–बहराइच मार्ग पर स्थित घाघरा पुल के पुनर्निर्माण कार्य के .ष्टिगत भारी वाहनों के आवागमन को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित



किए जाने के क्रम में जनपद पुलिस द्वारा वैकल्पिक यातायात व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु सघन निरीक्षण एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इसी क्रम में आज पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा बहराइच– सीतापुर मार्ग पर स्थित चहलारी पुल एवं उससे संबंधित वैकल्पिक मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यातायात संचालन, मार्ग की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था एवं संभावित जाम बिंदुओं का गहन अवलोकन किया गया। एसपी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वैकल्पिक मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा यातायात का सुचारु एवं सुरक्षित संचालन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। साथ ही, मार्गों पर संकेतक बोर्ड, बैरिकेडिंग एवं आवश्यक दिशा–निर्देशों की स्पष्ट व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए, जिससे वाहन चालकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जनसामान्य एवं विशेषकर भारी वाहन चालकों से अपील की जाती है कि वे प्रशासन द्वारा निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन करते हुए पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी महसी पवन कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात राज सिंह, यातायात प्रभारी व थानाध्यक्ष हरदी भी उपस्थित रहे।

# जमानिया के न्यायिक अधिकारी को दी विदाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जनपद के न्यायालय जमानिया के न्यायिक अधिकारी अमित यादव का जमानिया में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उनका कार्यकाल जमानिया में लगभग 2 वर्ष का रहा, उन्हें जमानिया का प्रथम न्यायिक अधिकारी बनने का श्रेय जाता है। गाजीपुर में उनका पुरा कार्यकाल



तीन वर्ष का था, जमानिया से पहले वे गाजीपुर में कोर्ट में मजिस्ट्रेट के पद पर थे। उनका स्थानांतरण मुजफरनगर में हो गया है। अधिवक्ता जय बहादुर त्रिपाठी ने बताया कि जमानिया में न्यायाधीश अमित यादव का कार्यकाल शानदार रहा वह जमानिया प्रथम न्यायकधिकारी के साथ निष्पक्ष कार्यकाल के लिए याद किये जाएंगे। विदाई समारोह में अधिवक्ता जय ,अरविंद कुमार पत्रकार एन एच खान आदि लोग रहें।

# रुक्मिणी विवाह प्रसंग ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर

## - विशाल भंडारा आज, उमड़ेंगे श्रद्धालु

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। ग्राम पंचायत रामगढ़ के अतरौलिया गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन भक्ति और श्रद्धा का अनुपम माहौल देखने को मिला। अयोध्या से पधारे कथा व्यास श्री रघुनाथ दास शास्त्री त्रिपाठी जी ने भगवान श्री.ष्ण और रुक्मिणी विवाह प्रसंग का अत्यंत मार्मिक



एवं भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। कथा के दौरान रुक्मिणी विवाह की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण किया और विधिवत पूजन–अर्चन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के आयोजक डा. सर्वेश कुमार शुक्ला ने कथा व्यास के करकमलों द्वारा उपस्थित अतिथियों को श्रीमद् भगवद गीता भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य यजमान कमला देवी, माया शुक्ला,जयप्रकाश शुक्ला,शीतला प्रसाद पांडे, रामसूरत पांडे, धर्मेंद्र शुक्ला, प्रिंस तिवारी, सुरेश तिवारी, गिरजेश शुक्ला, पल्लवी शुक्ला, वर्षा शुक्ला, सौम्या तिवा।

# मिशन शक्ति: जीजीआईसी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन गृह (पुलिस) अनुभाग–15 के शासनादेश तथा निदेशक महिला कल्याण लखनऊ के निर्देशों के क्रम में प्रदेश में महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वासंतिक नवरात्र के अवसर पर मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज–05 के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार बुधवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शक्ति संवाद (जागरूकता कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या अंजू सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर कीर्ति गुप्ता एवं अजित कुमार दुबे ने प्रतिभाग किया। अजित कुमार दुबे ने मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही बाल विवाह रोकने हेतु जागरूक किया और इस संबंध में सूचना मिलने पर तत्काल संबंधित विभाग या थाने को अवगत कराने की अपील की। वहीं कीर्ति गुप्ता ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन, निराश्रित महिला पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को इन योजनाओं से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने और नारी सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विभागीय योजनाओं से संबंधित पंपलेट का वितरण भी किया गया।

# इकदिल में भाजपा की अंबेडकर सम्मान गोष्ठी आयोजित

## - सामाजिक न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश की सभी 403 विधानसभाओं में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में इकदिल नगर पंचायत में सदर विधानसभा की गोष्ठी का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंचासीन अतिथियों द्वारा बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर की गई। गोष्ठी को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा व जनपद इटावा के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज में समानता और सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने छुआछूत और भेदभाव जैसी कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई और महिलाओं को आगे बढ़ाने में




महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके विचारों से प्रेरित होकर केंद्र सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में कार्य कर रही है। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें समय–समय पर उपेक्षित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अनुसूचित समाज के विकास के बजाय केवल उनके वोटों का इस्तेमाल किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुसूचित समाज के बीच जाकर सरकार की योजनाओं और विपक्ष की वास्तविकता को बताने का आह्वान किया। गोष्ठी को पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष उदयवीर दोहरे, समीर दोहरे व उषा चंद्रा जाटव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष अनूप जाटव ने किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, इकदिल नगर पंचायत अध्यक्ष साधना दोहरे, जिला महामंत्री सतेंद्र राजपूत, जिला उपाध्यक्ष . पा नारायण तिवारी, अशोक चौबे, मानू तिवारी, यशवर्धन चौधरी, बासु चौधरी, जिला मंत्री आयुष राज, सुरेश राजपूत, प्रीति दुबे, जितेंद्र पाल, सह–कोषाध्यक्ष समीर सक्सेना, जिला संयोजक सोशल मीडिया विमलेश शाक्य सहित पार्टी पदाधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# सीएम युवा स्वरोजगार योजना में आवेदन आमंत्रित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग आत्मदेव शर्मा द्वारा बताया गया है कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना वर्ष 2026–27 के अंतर्गत उद्यम स्थापित करने के इच्छुक बेरोजगार युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के तहत उद्योग क्षेत्र की इकाइयों के लिए अधिकतम 25 लाख रुपये तथा सेवा क्षेत्र की इकाइयों के लिए अधिकतम 10 लाख रुपये तक का ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। कुल परियोजना लागत का 25 प्रतिशत मार्जिन मनी के रूप में दिया जाएगा, जिसमें उद्योग क्षेत्र के लिए अधिकतम 6.25 लाख रुपये तथा सेवा क्षेत्र के लिए अधिकतम 2.50 लाख रुपये तक की सीमा निर्धारित है। यह मार्जिन मनी उद्यम के दो वर्ष तक सफल संचालन के बाद अनुदान में परिवर्तित हो जाएगी। योजना के लिए आवेदक का उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना तथा आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है। न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल या समकक्ष निर्धारित की गई है। आवेदक विभिन्न ट्रेड जैसे फोर–व्हीलर सर्विस सेंटर, कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर, फोटोकॉपी एवं डिजिटल सेवा केंद्र, जिम, पैथोलॉजी लैब, ब्यूटी पार्लर, रेस्टोरेंटध्ढाबा, मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर, चक्की, तेल मिल, दाल मिल, मसाला पिसाई इकाई, रेडीमेड गारमेंट्स यूनिट आदि के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यदिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, एसडी फील्ड इटावा कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# सिंचाई बंधु की बैठक आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अधिशासी अभियंता इटावा प्रखंड ने बताया कि जनपद सिंचाई बंधु की अप्रैल माह की बैठक अब 16 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। पूर्व निर्धारित तिथि द्वितीय मंगलवार 14 अप्रैल को अवकाश तथा 15 अप्रैल को किसान दिवस होने के कारण बैठक की तिथि में परिवर्तन किया गया है। बैठक पूर्वान्ह 11 बजे प्रखंड परिसर स्थित नवीन प्रशासनिक भवन के मीटिंग हाल में आयोजित होगी। इसमें जनपद के .षक प्रतिभाग करेंगे। बैठक की अध्यक्षता शासन द्वारा मनोनीत उपाध्यक्ष अशोक दीक्षित द्वारा की जाएगी।

# ओडीओपी योजना में वस्त्र क्षेत्र के लिए वित्तीय सहायता

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र इटावा द्वारा जानकारी दी गई है कि एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के चिन्हित उत्पाद (वस्त्र उत्पाद, टेलरिंग एवं वस्त्र कढ़ाई) के समग्र विकास हेतु वित्त पोषण सहायता योजना संचालित की जा रही है। इसके तहत संबंधित क्षेत्र में कार्यरत अथवा कार्य करने के इच्छुक व्यक्तियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत उद्योग, सेवा एवं व्यवसाय क्षेत्र की इकाइयों को बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें परियोजना लागत के अनुसार मार्जिन मनी (सब्सिडी) प्रदान की जाएगी। 25 लाख रुपये तक की परियोजनाओं पर अधिकतम 6.25 लाख रुपये तक की सब्सिडी, 25 से 50 लाख तक की परियोजनाओं पर 20 प्रतिशत या 6.25 लाख रुपये (जो अधिक हो), 50 से 150 लाख तक की परियोजनाओं पर 10 प्रतिशत या अधिकतम 10 लाख रुपये तथा 150 लाख रुपये से अधिक की परियोजनाओं पर 10 प्रतिशत या अधिकतम 20 लाख रुपये तक की सब्सिडी देय होगी। उद्यम के दो वर्ष तक सफल संचालन के बाद मार्जिन मनी को अनुदान के रूप में समायोजित किया जाएगा। सामान्य वर्ग के लाभार्थियों को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत तथा विशेष श्रेणी (अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला एवं दिव्यांगजन) के लाभार्थियों को 5 प्रतिशत अंशदान करना होगा। योजना के लिए आवेदक का उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना तथा न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना आवश्यक है। शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नहीं है, लेकिन आवेदक किसी भी वित्तीय संस्था का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए और उसने पूर्व में किसी अन्य स्वरोजगार योजना का लाभ न लिया हो। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यदिवसों में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, एसडी फील्ड इटावा कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# हथगाम के चर्चित कांड में अभियुक्तों को मिली जमानत

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक चर्चित कांड के मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने अभियुक्तों की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। अभियुक्तों के वकीलों ने कोर्ट में दलील दिया कि प्रकरण को राजनैतिक रंग देते हुए गंभीर बनाया गया है। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता सै0 नाजिश रजा व जावेद खान एडवोकेट ने बताया कि शुभम पुत्र मनोज कुमार ने आरोप लगाया कि तीस मार्च को शाम छह बजे वह अपने मित्र गौरव के साथ निजी कार से सेमरहा से हथगाम जा रहा था तभी एक सैकड़ा से अधिक मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मेरे व मेरे दोस्त पर जानलेवा हमला कर दिया। लोहे की राड व सरियों से इतना मारा कि हम लोग मरणासन्न हो गए। अनस व इश्तियाक सहित छह लोगों को नामजद कर दिया गया। पुलिस ने अनस व इश्तियाक को जेल भेज दिया था। अनस व इश्तियाक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सैय्यद नाजिश रजा एडवोकेट व जावेद खान एडवोकेट ने पक्ष रखा। अधिवक्ताओं ने कहा कि प्रकरण को राजनैतिक रंग देते हुए गंभीर बनाया गया है। इसके अलावा अन्य दलीले भी कोर्ट के समक्ष रखीं। सत्र न्यायाधीश/जनपद न्यायाधीश ने सुनवाई करते हुए सशर्त जमानत स्वीकार कर ली।

## अदालती नोटिस

(आदेश 9 नियम कायदा (2))

न्यायालय सिविल जज (सी0डि0), फास्ट्र ट्रैक कोर्ट फतेहपुर

नं0मु0– 55 सन् 2020 ई०

मुनेश कुमार गुप्ता उम्र लगभग 38 वर्ष पुत्र स्व0 दिवाकर प्रसाद निवासी ग्राम रज्जीपुर छिवलहा जिला फतेहपुर।

....बनाम...........

1.गोपाल दीक्षित उम्र लगभग 57 वर्ष पुत्र स्व0 जग्गनाथ निवासी चंदियाना फतेहपुर। 2.विनोद श्रीवास्तव उम्र लगभग 45 वर्ष पुत्र राधे श्रीवास्तव निवासी चंदियाना फतेहपुर। 3.गिरधर लाला उम्र लगभग 58 वर्ष पुत्र नानिक प्रसाद निवासी मोहल्ला चंदियाना फतेहपुर। 4. सचिन श्रीवास्तव उम्र लगभग 36 वर्ष राजेन्द्र श्रीवास्तव निवासी चंदियाना फतेहपुर। 5.सितांशू त्रिपाठी उम्र लगभग 44 वर्ष पुत्र अज्ञात निवासी मोहल्ला चंदियाना फतेहपुर। 6. ऋषीकांत उम्र लगभग 45 वर्ष पुत्र मानू बाबू निवासी मोहल्ला चंदियाना फतेहपुर। 7.पप्पू गुप्ता उम्र लगभग 48 वर्ष राधे गुप्ता निवासी मोहल्ला चंदियाना फतेहपुर। 8.रमेश खत्री उम्र लगभग 45 वर्ष पुत्र लल्लू खत्री निवासी मोहल्ला चंदियाना फतेहपुर।

.........प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 14 माह 05 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख 05 माह 04 सन् 2026 ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) फास्ट्र ट्रैक कोर्ट फतेहपुर।

# मिशन शक्ति के तहत सदर तहसील में हुआ कार्यक्रम

## - एसडीएम ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण के अन्तर्गत बुधवार को तहसील सभागार सदर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन उपजिलाधिकारी सदर अनामिका श्रीवास्तव की अध्यक्षता सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती, वन्दना के साथ हुआ। जिसमे महिला सशक्तिकरण पर सारगर्भित चर्चा की गयी। महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में उ.ट कार्य करने वाली महिलाओं डा० हरितिमा गुप्ता, मोहिनी साहू, अंजू वर्मा, जया तिवारी, मंजू शुक्ला, रीता सिंह, अन्जू, रेखा सरोज, श्वेता श्रीवास्तव, मोहिनी, गायत्री सिंह, ज्योति प्रवीण, रेखा, अनामिका सिंह, रिया विश्वकर्मा आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान गुड़िया को उप जिलाधिकारी द्वारा पट्टाधारक प्रदान किया गया जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहलू रही। उपजिलाधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति के माध्यम से महिलाओ को उनके अधिकारो एवं क्षमताओं के प्रति जागरूक कर सशक्त बनाना मुख्य उद्देश्य है। तहसील सभागार में मिशन शक्ति कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उ.ष्ट कार्य वाली महिलाओं को माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम के समापन के दौरान नायब तहसीलदार लक्ष्मी बाजपेयी ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर तहसीलदार अमरेश सिंह, नायब तहसीलदार भी मौजूद रहे।



## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री इसरा खान का जन्म दिनाकं 23.02.2011 को घर पर हुआ था। माता का नाम सफीना खातून है। अज्ञानतावश मेरी पुत्री का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। सफीना खातून पत्नी सईद अहमद खान निवासिनी मोहल्ला मिर्जा बाबा ग्राम व पोस्ट ललौली ब्लाक असोथर जिला फतेहपुर।

# निशान वेलफेयर सोसाइटी ने मनाई बाबा साहब की जयंती

## - सामाजिक एकता बनाए रखने का दिया संदेश



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर निशान वेलफेयर सोसाइटी ने स्लम क्षेत्र राधानगर में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और बाबा साहब को याद किया। वक्ताओं ने बाबा साहब को महान समाज सुधारक, विधिवेत्ता एवं संविधान निर्माता के रूप में याद करते हुए उनके विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डॉ. अंबेडकर न केवल एक विद्वान व्यक्ति थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय के सच्चे प्रहरी भी थे। उन्होंने अपने जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बनाया और समाज के दबे–कुचले वर्गों को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। वक्ताओं ने आगे कहा कि बाबा साहब का व्यक्तित्व समानता, शिक्षा और आत्मसम्मान का प्रतीक था। उनका जीवन हमें सिखाता है कि .ढ़ निश्चय और मेहनत से हर कठिनाई को पार किया जा सकता है। इस अवसर पर एक प्रेरणादायक संदेश भी साझा किया गया। शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो यही डॉ. भीमराव अंबेडकर का मूल संदेश था, जो आज भी समाज को आगे बढ़ने की राह दिखाता है। कार्यक्रम के दौरान लोगों को शिक्षा के महत्व, अधिकारों के प्रति जागरूकता और सामाजिक एकता बनाए रखने का संदेश दिया गया। साथ ही, बाबा साहब के आदर्शों को अपनाकर एक बेहतर और समतामूलक समाज बनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में राबिया, संस्था की प्रबंधक रुबीना अल्ताश, तूबा, सलाउद्दीन उपस्थित रहे।




# पौराणिक कुएं के अस्तित्व को बचाने की लड़ाई लड़ेगी समिति

## - बैठक कर बनाई रणनीति, प्रशासनिक अधिकारियों से मागेंगे सहयोग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति बिंदकी तहसील की मासिक बैठक अध्यक्ष शेख खालिद की अध्यक्षता में एक हाउस में संपन्न हुई। सर्वप्रथम मथुरा की धार्मिक यात्रा में आए 18 श्रद्धालुओं की नाव दुर्घटना में मृत्यु होने पर शोक श्रद्धांजलि आयोजित की। दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके पश्चात फौजी कैलाश नारायण, उमाकांत, उमेश तिवारी ने बताया कि गेस्ट हाउस के बगल में एक पौराणिक काल का कुआं भगवान का एक मठ, वृक्ष के चारों तरफ एक बड़ा चबूतरा बना था। जिसका इतिहास 200 वर्ष से ज्यादा पुराना है। कुछ भू माफियाओं की नजर इस जमीन पर कब्जा करने की नीयत से पड़ी और मिट्टी डालकर और ऊपर लोहे का जाल डालकर जमीन पर कब्जा किया गया है। सभी पूर्व सैनिकों के साथ अध्यक्ष विद्याभूषण तिवारी व महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी ने मौके का मुआयना किया जिसमें पाया गया कि कुआं पूर्ण रूप से अभी भी अस्तित्व में है और उसमें शीतल जल अभी भी है। कुआं लगभग 12 फीट चौड़ा है उस पर लोहे का जाल डालकर ढक दिया गया है। पूर्व सैनिक इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों से सहयोग मांग कर इस पौराणिक कुएं की प्रतिष्ठा को पुनः निर्माण कराएंगे। इस अवसर पर कैप्टन रामराज सिंह, भगवान दिन, मनीराम, धर्मराज सिंह, सूरज पाल रमाशंकर पांडेय आदि उपस्थित रहे।




## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री तूबा खातून का जन्म दिनाकं 07.03.2016 को घर पर हुआ था। माता का नाम सफीना खातून है। अज्ञानतावश मेरी पुत्री का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। सफीना खातून पत्नी सईद अहमद खान निवासिनी मोहल्ला मिर्जा बाबा ग्राम व पोस्ट ललौली ब्लाक असोथर जिला फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी सबा नोमान का जन्म दिनाकं 10.08.1989 को घर पर हुआ था। माता का नाम शकीला बेगम है। अज्ञानतावश सबा नोमान का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। सबा नोमान के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। सबा नोमान पुत्री शमशाद अहमद खान निवासी मोहल्ला नसीरखानी ग्राम व पोस्ट ललौली ब्लाक असोथर जिला फतेहपुर।



# पिकअप की टक्कर से छात्र घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे–2 की सर्विस लेन पर परदेसी ढाबा के समीप तेज रतार पिकअप ने साइकिल सवार छात्र को टक्कर मार दिया। जिससे छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालात गम्भीर देखते हुए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सुधवा गाँव निवासी महेंद्र सिंह का 13 वर्षीय पुत्र मनीष सिंह जो इकारी गाँव के समीप स्थित महादेव प्रसाद इंटर कॉलेज में कक्षा 8 का छात्र है। रोज की भांति आज भी वह स्कूल पढ़ने आया था और वापस घर लौटते समय जब वह नेशनल हाईवे की सर्विस लेन परदेसी ढाबा के समीप पहुंचा। तभी तेज रतार पिकअप ने उसकी साइकिल को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे छात्र मनीष गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीयो ने घटना की सूचना छात्र के परिजनों को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे छात्र के परिजन और पिकअप चालक ने उसी पिकअप से उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुँचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद छात्र की हालत गंभीर देखते हुए उसके परिजनों से छात्र को कानपुर मेडिकल कॉलेज ले जाने की सलाह दिया। वहीं परिजन छात्र को शहर के किसी प्राइवेट हॉस्पिटल इलाज कराने लेकर चले गए।

# युवक को सर्प ने डंसा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के सरांय खालिस गांव में आज सुबह घर के अन्दर आराम कर रहे युवक को जहरीले सांप ने काट लिया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरन्त उसको इलाज के लिए नज़दीकी स्वास्थ केंद्र लेकर पहुंचे। जहाँ डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के सरांय खालिस गांव निवासी शिव नन्दन का 40 वर्षीय पुत्र शिव करन आज सुबह खेतो से काम कर वापस अपने घर में आकर आराम कर रहा था। तभी उसको जहरीले साँप ने काट लिया। साँप काटने की जानकारी जब उसके परिजनो को हुयी तो तुरन्त उसको इलाज के लिए सरांय खालिस स्वास्थ केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एम्बुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे है।

# घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मकरंदपुर में एक सप्ताह पूर्व पेड़ की डाल टूट कर गिरने से 39 वर्षीय युवक घायल हो गया। जिसकी इलाज के दौरान बुधवार की सुबह कानपुर में मौत हो गयी।

बताते चलें कि मकरंदपुर गांव निवासी स्व0 रामराज प्रजापति का पुत्र अमर सिंह प्रजापति 7 अप्रैल अपने खेतो में काम कर रहा था। तभी अचानक मौसम बदलने के साथ साथ तेज हवा चलने लगी जिससे बचने के लिए वह एक पेड के नीचे खड़ा हो गया। उसी दौरान डाल टूटकर उसके ऊपर जा गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनो उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर होने पर कानपुर के लिए रेफर कर दिया था। जहां इलाज दौरान बुधवार की सुबह उसकी मौत हो गयी। परिजन शव लेकर घर वापस आये गये और पुलिस को सूचना दे दी। मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना की जानकारी मृतक के साले अनिल कुमार प्रजापति ने दी है।

# बीमार वृद्ध की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। खखरेरू कस्बे में बीमार चल रहे 60 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेजा है। जानकारी के अनुसार मुम्बई निवासी स्व0 अमीर सिंह राठी का पुत्र जगदीश राठी मुम्बई में रहता था। बताते है कि करोना काल से वह अपने मित्र शिवराज निवासी खखरेरू कस्बा के यहां आकर रहने लगा था। तभी से बीमार चल रहा था और मंगलवार की शाम उसकी अचानक मौत हो गयी। वहीं मित्र ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। घटनास्थल पहुंची पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# अनियंत्रित बाइक सवार गिरने से युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरि यांव थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे–2 के हसवा कस्बा मोड़ पर अनियंत्रित बाइक सवार गिरकर घायल हो गया। इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के हाशिमपुर भेदपुर गांव निवासी छोटे लाल का 20 वर्षीय पुत्र अमित कुमार बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहा था। तभी थानां क्षेत्र के नेशनल हाइवे 2 के हसवा कस्बे की मोड पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पत्थर से टकरा गई। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरन्त फोन कर घटना की सूचना सरकारी एम्बुलेंस को दिया। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचीं एम्बुलेन्स ने उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुँचाया। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# रेडक्रास भवन में नए टीबी मरीजों को दी पोषण सामग्री

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी अस्पतालों में प्रत्येक माह की 15 तारीख को आयोजित होने वाले निःक्षय दिवस के अंतर्गत सक्रिय भूमिका का निर्वहन करते हुए



बुधवार को इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के तत्वावधान में चेयरमैन व प्रदेष कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में रेडक्रास भवन में 11 क्षय रोगियों को पोषण सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

डॉ अनुराग ने गोद लिए हुए नए ग्यारह टीबी मरीज सुलेखा, आकाश, किरन, रानी, सतरूपा, शिवगुलाम, मोबीन, नूर मोहम्मद, गौसिया, सुदील, जमीर को पोषण सामग्री बॉर्नवीटा, मूंगफली, चना, सत्तू, गुड़ इत्यादि दी। यह सारी सामग्री प्रत्येक माह उनके चिकित्सकीय कोर्स पूर्ण होने तक दी जाएगी। इस अवसर पर सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर व सचिव अजीत सिंह, आजीवन सदस्य उमेश कुमार श्रीवास्तव, पुनीत वीर विक्रम, गोरेलाल, प्रवीण सिंह, प्रेमचंद्र मौर्य व प्रमुख सहयोगी अभिनव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने किसान दिवस में सुनीं समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश

## - कृषकों से फार्मर रजिस्ट्री अवश्य कराए जाने की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। उप .षि निदेशक ने बैठक का संचालन करते हुए गत बैठक में आयी शिकायतों के अनुपालन के सम्बन्ध में .षकों को अवगत कराते हुए शासन की लाभार्थी परक योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने पशुओं के टीकाकरण, टैगिंग, पशुपालन, .तिम गर्भाधान कराये जाने की .षकों विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी। जिला उद्यान अधिकारी ने उद्यान विभाग में संचालित विभागीय योजनाओं की नवीनतम .षि तकनीकी जानकारी .षकों को दी। भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश यादव ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं के यहां जबरन स्मार्ट मीटर न लगाये जाने की मांग की। भाकियू अराजनैतिक के मलवां ब्लाक अध्यक्ष जय .ष्ण द्विवेदी ने ग्रामसभा रावतपुर के मजरे बाबा का पुरवा में रोड के चौडीकरण हो जाने के कारण सड़क पर खड़े चार विद्युत पोलों को शिट कराये जाने की मांग की। इसी तरह अन्य किसान नेताओं ने भी अपनी–अपनी मांगों को रखा। बैठक को संबोधित करते हुए सीडीओ ने कहा कि किसानों द्वारा अवगत कराई गई समस्याओं पर संबंधित विभागाध्यक्ष गंभीरता से विचार करके निस्तारण कराने का काम करें। इस कार्य में किसी भी तरह की हीलाहवाली बर्दाष्त नहीं की जाएगी। उन्होने किसान दिवस में उपस्थित .षकों से फार्मर रजिस्ट्री को अवश्य कराये जाने अपील की।.षकों को अवगत कराया कि भविष्य में फार्मर रजिस्ट्री करा चुके .षकों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त हो सकेगा। आसान ऋण सुविधा के साथ फसल बीमा क्षतिपूर्ति का भुगतान एवं उर्वरक, बीज पर सब्सिडी प्राप्त होगी। फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण हो जाने से डिजिटल भू–रिकार्ड होने के साथ कागजी कार्यवाही से मुक्ति मिलेगी। इस मौके पर उप .षि निदेशक सत्येन्द्र सिंह, जिला .षि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत द्वितीय एवं तृतीय, अधिशाषी अभियन्ता, सिंचाई, अग्रणी जिला प्रबन्धक, सहायक अभियन्ता, विद्युत भण्डार गृह एवं सहायक अभियन्ता, विद्युत कार्यशाला, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, जिला .षि रक्षा अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, ई०ई०सी, सहायक अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण एवं भूमि संरक्षण, अधिकारी रा०जेला० सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवं रज्जन सिंह, लोकनाथ पाण्डेय, अजय सिंह चौहान, राकेश यादव, सत्य प्रकाश तिवारी सहित अन्य .षकगण एवं भारतीय किसान यूनियन तथा किसान संघ के पदाधिकारी उपस्थित हुए।



# नारी शक्तिवंदन बिल के समर्थन में स्कूटी रैली व हस्ताक्षर अभियान

## - शहर में स्कूटी रैली व महिला महाविद्यालय में चलाया हस्ताक्षर अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की महिला पदाधिकारियों व सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं द्वारा नारी शक्ति वंदन बिल के समर्थन में विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो आईटीआई मैदान से आगे बढ़ते हुए पटेल नगर चौराहा, बुलेट चौराहे से पथरकटा चौराहे से आईटीआई मैदान में पूर्ण हुई। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा समाज में सभी को बराबरी का हक देने के उद्देश्य से सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं, हमारी मातृशक्तियों को सशक्त बनाने को लेकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम आने वाले समय में बड़े मजबूत आधार के रूप में देखा जायेगा। जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि बुधवार को डां भीमराव अंबेडकर महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन बिल के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा हस्ताक्षर बैनर लगाया गया। वहीं बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में एक दूसरे का हांथ पकड़, नारी दीवार, बना सशक्तिकरण का सन्देश दिया गया। जिसमें जिला महामंत्री



सुशीला मौर्या, रेखा सरोज, सुनिधि तिवारी, आशुतोष त्रिवेदी, पंकज त्रिपाठी, पुष्पराज पटेल, विमलेश पांडेय सहित पार्टी पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर अभियान में सकारात्मक योगदान दिया। महाविद्यालय की छात्राएं व बड़ी संख्या में सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं द्वारा उत्साह से अपना हस्ताक्षर करके विल को समर्थन दिया गया। इस मौके पर गायत्री सिंह, मंजू शुक्ला, बबुनी निषाद, ज्योति प्रवीण, सुनिधि तिवारी, विजय लक्ष्मी साहू, सेल त्रिपाठी, मधु शर्मा, संजना द्विवेदी, रेखा सरोज सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# छेड़छाड़ पीड़िता ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

## - मां की हार्ट अटैक से मौत के लिए दरोगा को ठहराया जिम्मेदार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें एक छात्रा ने स्थानीय पुलिस पर लापरवाही, अभद्र व्यवहार और जबरन समझौते का दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने अपनी माँ की हार्ट अटैक से हुई मौत के लिए भी संबंधित उपनिरीक्षक को जिम्मेदार ठहराया है। पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र सौंपकर एफआईआर दर्ज करवाए जाने के साथ ही एसआई का स्थानांतरण किए जाने की गुहार लगाई है। एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में ग्राम शाहपुर कोढ़इया निवासी एक पीड़िता ने बताया कि वह अनुसूचित जाति (पासी) समुदाय से हैं। 29 मार्च 2026 को सुबह लगभग 11 बजे वह खेत की ओर गई थीं, तभी गाँव के ही शोभित पुत्र राजेन्द्र ने उनके साथ छेड़खानी करते हुए जबरन पकड़कर घसीटने का प्रयास किया। शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी फरार हो गया। घटना के विरोध में शिकायत करने पर आरोपी पक्ष के चार लोगों ने उनके घर में घुसकर गाली–गलौज और मारपीट की। इसके बाद जब वह अपने पिता के साथ थाना हुसैनगंज शिकायत लेकर पहुंचीं, तो वहां तैनात उपनिरीक्षक ने कथित तौर पर उनकी शिकायत को नजरअंदाज करते हुए समझौते का दबाव बनाया। आरोप है कि समझौता न करने पर उपनिरीक्षक ने पीड़िता और उसके पिता के साथ अभद्र व्यवहार किया तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें थाने से भगा दिया। इस घटना के बाद उनकी माँ गहरे सदमे में चली गईं और 11 अप्रैल की रात हार्ट अटैक से उनकी मृत्यु हो गई। पीड़िता ने अपनी माँ की मौत के लिए संबंधित उपनिरीक्षक को जिम्मेदार ठहराया। पीड़िता ने यह भी बताया कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय व प्रयागराज जोन के अपर महानिदेशक कार्यालय में भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़िता ने एसपी से मांग किया कि आरोपियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए, संबंधित उपनिरीक्षक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करते हुए उनका स्थानांतरण किया जाए तथा पूरे मामले की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए।

# बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का हुआ स्वागत

## - अध्यक्ष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का लिया संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव एडवोकेट का स्वागत समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन स्व. निसार कैसी एडवोकेट के बस्ते में हुआ, जहां जूनियर अधिवक्ताओं ने फूल–मालाओं एवं मिठाई खिलाकर अध्यक्ष का अभिनंदन किया। जूनियर अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष श्री यादव के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने और अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए एकजुट रहने का संकल्प लिया। स्वागत करने वालों में लकी अंसारी, एहतराम, एहसान खान, जावेद अंसारी अहमद आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी ने माल्यार्पण एवं मिठाई वितरण कर अध्यक्ष के प्रति अपना समर्थन और विष्वास व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान लकी अंसारी ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन एवं सर्व समाज अधिवक्ता संगठन के प्रत्याशी रहे श्री बाबू सिंह यादव को जूनियर अधिवक्ताओं के समर्थन से ऐतिहासिक जीत मिली है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी संगठन के सभी प्रत्याशियों को विजय दिलाने के लिए पूरा सहयोग किया जाएगा। अपने संबोधन में अध्यक्ष बाबू सिंह यादव ने कहा कि वे अधिवक्ताओं के हक, सम्मान एवं अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ेंगे और सभी साथियों को साथ लेकर संगठन को और सशक्त बनाएंगे। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की एकजुटता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम में शाहजहां, असलम शेर खां एडवोकेट, नरोत्तम सिंह एडवोकेट, श्रीराम पटेल एडवोकेट, अरविंद पासवान एडवोकेट, मोहम्मद आसिफ



एडवोकेट, रंजीत मौर्य एडवोकेट, कमरुद्दीन एडवोकेट, आसिफ रजा, दानिश राईन, सैय्यद वजाहद हुसैन एडवोकेट, आसिफ मसूद एडवोकेट, हसरत अली एडवोकेट, .ष्णपाल वर्मा एडवोकेट, बाबूलाल, करूणाकर, गुलाम जब्बार सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटा, महिला समेत दो जख्मी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के सखियांव गांव के समीप अनियंत्रित ई–रिक्शा पलटने से सवार महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उनको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सखियांव गांव निवासी श्रीनाथ की 55 वर्षीय पत्नी सीता देवी व गाँव निवासी लल्लन सिंह का 50 वर्षीय पुत्र मलखान सिंह ई–रिक्शे पर सवार होकर किसी काम से शहर आ रहे थे। जैसे ही रिक्शा गाँव से कुछ दूर आगे बढ़ा तभी अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे रिक्शे पर सवार सीता देवी और मलखान सिंह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरन्त फोन कर घटना की सूचना सरकारी एम्बुलेंस को दी गई। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचीं एम्बुलेन्स ने घायलो को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उनका इलाज कर रहे हैं।

# दिव्यांग दंपतियों को मिलेगा विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी–विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत पात्र दंपतियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों के विवाह को प्रोत्साहित करना एवं उन्हें आर्थिक सहयोग देना है। योजना के अंतर्गत यदि दंपति में केवल युवक दिव्यांग है तो 15,000 केवल युवती दिव्यांग होने पर 20000 तथा दोनों के दिव्यांग होने पर 35000 की सहायता राशि दी जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए कुछ आवश्यक शर्तें निर्धारित की गई हैं जिसमें विवाह के समय युवक की आयु 21 से 45 वर्ष तथा युवती की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। दम्पत्ति आयकरदाता नहीं होना चाहिए। दिव्यांगता कम से कम 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिए, जिसका प्रमाण मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र से होना अनिवार्य है। यह योजना उन दम्पत्तियों के लिए लागू है जिनका विवाह वित्तीय वर्ष 2025–26 या 2026–27 में हुआ हो। इच्छुक दम्पत्ति योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करते समय दम्पत्ति को संयुक्त फोटो, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, आय एवं जाति प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, संयुक्त बैंक खाता विवरण, अधिवास प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की प्रति अपलोड करनी होगी। ऑनलाइन आवेदन के बाद उसकी प्रिंट कॉपी एवं सभी आवश्यक दस्तावेजों की हार्ड कॉपी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय, विकास भवन, फतेहपुर में जमा कराना अनिवार्य है। आवेदक किसी भी कार्य दिवस में कक्ष संख्या–23, विकास भवन (भूतल) फतेहपुर स्थित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# हाइटेंशन तार टूटने से भेड़ मरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। बुधवार को कोतवाली क्षेत्र में एक बड़ा हादसा टल गया, जब उत्तरी कैनाल रोड स्थित हनुमान मंदिर नवबस्ता रोड फीडर की 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन अचानक टूटकर नीचे गिर गई। इस दौरान सड़क पर घूम रहा एक भेड़ बिजली की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही जलकर मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह का समय होने के कारण सड़क पर लोगों की आवाजाही बेहद कम थी। यही वजह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, अन्यथा यह घटना एक बड़े हादसे का रूप ले सकती थी। जिस स्थान पर यह घटना हुई, वह क्षेत्र बाईपास मार्ग से जुड़ा हुआ है, जहां आमतौर पर दिनभर लोगों का आना–जाना लगा रहता है। स्थानीय निवासी के एस मिश्र, मनोज कुमार ने बताया कि लाइन काफी समय से जर्जर स्थिति में थी, जिसकी शिकायत कई बार विभाग से की गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोग विद्युत विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जता रहे हैं। सूचना मिलने पर बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सप्लाई बंद कर तार को हटाने का काम शुरू किया। अधिकारियों ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आष्वासन दिया है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जर्जर तारों को बदला जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। एसडीओ दीपक सिंह ने बताया कि सूचना पर टीम भेजी गई है।

# ज़िम्मेदार सो रहे, निजी स्कूल हर साल बढ़ा रहे मनमानी फीस

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सरकारी सिस्टम की लापरवाही के चलते प्राइवेट स्कूलों की मनमानी खूब चल रही है। निजी स्कूलों में एक अप्रैल से नया सत्र शुरू हो गया है। स्कूल संचालक फीस के नाम पर पैरंट्स को को को लूट ल रहे है। प्रदेश सरकार ने निजी स्कूलों की मनमानी रोकने के लिए जिले में जिला शुल्क नियामक समिति (डीएफआरसी) बनाई है। कमेटी की बिना सहमति के फीस बढ़ा दी हैं। साल हो गए, लेकिन अभी तक एक भी बैठक नहीं हुई। इस कारण अभिभावक परेशान है। एक अप्रैल से नया सत्र शुरू होते ही सरकारी विभाग के नियम की अनदेखी करते हुए स्कूलों ने एडमिशन, ट्यूशन, ट्रांसपोर्ट और स्टेशनरी के नाम पर दस से 15 फीसदी फीस बढ़ा दी है। इसके साथ ही स्टेशनरी बेचने पर रोक के बाद भी स्कूल परिसर में दुकान सजाई जा रही है। निजी स्कूलों की मनमानी को देखते हुए सरकार उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियम) अधिनियम 2018 लेकर आई थी। इससे बहुत हद तक स्कूलों की ओर से मनमाने तरीके से फीस बढ़ाने कमीशन के चक्कर में बार–बार यूनिफॉर्म बदलने और निर्धारित दुकान से किताबें खरीदने पर रोक लग पाई।

## निजी स्कूलों के आगे सरकारी सिस्टम फेल

युवा विकास समिति के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने बताया कि निजी स्कूलों की मनमानी के आगे सरकारी सिस्टम फेल होता नजर आ रहा है। नया सत्र शुरू हो गया है, लेकिन प्राइवेट स्कूल प्रबंधन को सरकारी नियमों की कोई परवाह नहीं है। स्कूलों ने मनमाने तरीके से नए सत्र में फीस बढ़ा दी है। इसका खमियाजा अभिभावक उठा रहे है और जिम्मेदार अफसर मौन है। अभिभावक संजय दत्त ने बताया कि स्कूल में ट्यूशन फीस के नाम पर दस फीसदी फीस को बढ़ा दिया है, जबकि बच्चा अभी छोटी क्लास में है। इसके अलावा ड्रेस, स्टेशनरी और ट्रांसपोर्ट के दाम को अलग बढ़ाया है। आखिर निजी स्कूल सरकारी सिस्टम से इतने ऊपर हो गए है, वे उन्हें भी नजर अंदाज कर रहे है।

# डिपो में अनियमितताओं के आरोप, निरीक्षण में 17 यात्री बिना टिकट मिलने की चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के फतेहपुर डिपो से जुड़ी एक शिकायत इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, डिपो में लंबे समय से कुछ अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर अनियमितताओं के आरोप लगाए जा रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि कथित रूप से चालकों और परिचालकों से ड्यूटी एवं मार्ग से जुड़े मामलों में अनुचित लाभ लिए जाने की बातें सामने आ रही हैं। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। इसी क्रम में 13 अप्रैल को मुख्यालय प्रवर्तन दल द्वारा एक बस संख्या यूपी–32केएच/3173 का औचक निरीक्षण किए जाने की जानकारी सामने आई है। वायरल निरीक्षण रिपोर्ट के अनुसार, बस में कुल 32 यात्री पाए गए, जिनमें से 17 यात्री बिना टिकट बताए जा रहे हैं। रिपोर्ट में बस का मार्ग कानपुर से प्रयागराज तथा संबंधित डिपो फतेहपुर दर्शाया गया है। साथ ही टिकट अनियमितता से संबंधित राशि का भी उल्लेख किए जाने की बात कही जा रही है। सूत्रों के अनुसार, यदि इन मामलों की निष्पक्ष जांच कराई जाती है, तो कई स्तरों पर गड़बड़ी उजागर हो सकती है, जिससे परिवहन निगम को आर्थिक क्षति पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। इस संबंध में अभी तक परिवहन विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )